

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने नई दिल्ली में श्री बद्रीनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान-यज्ञ आयोजन समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के 18वें धार्मिक महा-आयोजन में प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 349 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### जेएन.1 के 145 मामले आए सामने, 5 मरीजों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में पिछले 225 दिनों के दौरान गुरुवार को एक दिन में कोरोना के सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 797 नए मामले सामने आए हैं और 5 मरीजों की मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 4091 एक्टिव मामले हैं। इसके साथ कोरोना के नए वेरियंट जेएन.1 के 145 मामले सामने आए हैं। नए वेरियंट के सबसे ज्यादा मामले केरल और कर्नाटक से दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नए वेरियंट के नए मामले 21 नवंबर से लेकर 18 दिसंबर के दौरान लिये गए सैंपल की रिपोर्ट में पाए गए हैं।

### हरियाणा में डॉक्टरों की सभी किस्म की छुट्टियां रद्द

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया है कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान या अस्पताल में आने वाले किसी भी मरीज को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सरकारी डॉक्टरों द्वारा हड़ताल के आह्वान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की सभी तरह की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर जनता को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए, स्वास्थ्य विभाग ने लगभग 3,000 डॉक्टरों को तैनात किया है, जिनमें सलाहकार और वरिष्ठ सलाहकार, एनएचएम डॉक्टर, डीएनबी डॉक्टर, मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा अधिकारी और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के डॉक्टरों ने अपनी मांगें पूरी होने तक शुक्रवार से सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं बंद करने के साथ हड़ताल का आह्वान किया है। हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ. रणदीप सिंह पूनिया, डॉ. जे.एस. पुनिया, डीजीएचएस, डॉ. मनीष बंसल, डीएचएस ने गुरुवार शाम एचसीएमएस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें राज्य अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार, मीडिया समन्वयक डॉ. अमरजीत और जिला अध्यक्ष डॉ. मंदीप शामिल थे। राज्य महासचिव डॉ. अनिल यादव भी व्हाट्सएप कॉल पर शामिल हुए, जिसमें एसोसिएशन की सभी मांगों पर चर्चा की गई, जैसे विशेषज्ञ कैडर का सृजन, पीजी नीति में संशोधन, वेतन संशोधन और एसएमओ की सीधी भर्ती को रोकना शामिल है। इस बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि विशेषज्ञ कैडर को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है और वर्तमान में सीधे एसएमओ की कोई भर्ती नहीं की जा रही है, बल्कि 100 चिकित्सा अधिकारियों को एसएमओ के रूप में पदोन्नत किया जाएगा, जिसके लिए मामला प्रक्रियाधीन है।

# 26/11 अटैक के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की तैयारी में भारत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। दरअसल, हाफिज सईद 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों सहित विभिन्न आतंकवादी हमलों के लिए वांटेड है। पाकिस्तान सरकार को भेजे दस्तावेज विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आतंकवादी के प्रत्यर्पण की मांग करने वाले कुछ दस्तावेजों के साथ अनुरोध हाल ही में इस्लामाबाद भेजा गया है। बागची ने अपने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हाल ही में प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भेजा गया था। मालूम हो कि सईद संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी है।



**संयुक्त राष्ट्र ने हाफिज पर लगाया बैन:** हाफिज सईद को सौंपने के लिए पाकिस्तान के प्रत्यर्पण अनुरोध पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, "संबंधित व्यक्ति भारत में कई मामलों में वांटेड है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी भी है। इस संबंध में, हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। हम उन मामलों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, जिन मामलों के लिए उसे वांटेड किया गया है। यह एक हालिया अनुरोध है।"

**कई गतिविधियों से देश की सुरक्षा पर पड़ता है प्रभाव:** प्रवक्ता अरिंदम बागची ने हाफिज सईद के करीबियों के चुनाव लड़ने पर कहा, "हमने कुछ रिपोर्ट देखी है। हालांकि, हम किसी देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। इस तरह के संगठनों का राजनीति में आना नई बात नहीं है और ये उनकी राजनीति का हिस्सा बन चुका है। इस तरह के डेवलपमेंट से हमारी सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है। हम इस तरह के डेवलपमेंट को मॉनिटर करना जारी रखेंगे, जिससे हमारी सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता हो।"

**प्रत्यर्पण**

8 आतंकवादी के प्रत्यर्पण की मांग करने वाले कुछ दस्तावेजों के साथ अनुरोध हाल ही में इस्लामाबाद भेजा गया है : विदेश मंत्रालय

### एनएससीएन (के- वाईए) ने अरुणाचल के पूर्व विधायक की हत्या की जिम्मेदारी ली

**टीम एक्शन इंडिया/ईटानगर**
प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एनएससीएन (के-वाईए) से संबंधित युंग आंग गुट ने अरुणाचल के पूर्व विधायक युमसेन माटे की हत्या की जिम्मेदारी ले ली है। बंदूकधारियों ने पूर्व कांग्रेस विधायक माटे की हत्या 16 दिसंबर को भारत-म्यांमार सीमा पर तिरप जिले के राहो गांव में गोली मारकर कर दी थी। उग्रवादी संगठन ने गुरुवार को एक बयान जारी करके हत्या की जिम्मेदारी ली। बयान में कहा गया कि युमसेन माटे लगातार एनएससीएन के विरोध में काम कर रहे थे इस वजह से उनको मार दिया गया।

# केंद्र-उल्फा के बीच समझौता

= दिल्ली में केंद्र और उल्फा के बीच ऐतिहासिक समझौता, शाह की मौजूदगी में हुए हस्ताक्षर

**ऐतिहासिक**

8 जो समझौता हुआ है, इससे असम के सभी हथियारी गुटों की बात को यहीं समाप्त करने में हमें सफलता मिल गई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूनाइटेड** लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के वार्ता समर्थक गुट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केंद्र और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद:** अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में हस्ताक्षरित समझौता, अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल की बिना शर्त बातचीत के बाद हुआ है। इस शांति समझौते से असम में दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद है।

**अमित शाह ने दिया बयान:** इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "यह मेरे लिए खुशी की बात है कि आज का दिन असम के भविष्य के लिए एक उज्ज्वल दिन है। लंबे समय तक, असम और पूर्वोत्तर को हिंसा का सामना करना पड़ा और 2014 में पीएम मोदी के पीएम बनने के बाद, दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच अंतर को कम करने के प्रयास किए गए।"

**पीएम मोदी और अमित शाह का जताया आभार:** वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, "आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है। तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों के साथ असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।"

**1990 में किया गया प्रतिबंधित:** हालांकि, परेश बरुआ की अध्यक्षता वाला उल्फा का कट्टरपंथी गुट इस समझौते का हिस्सा नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि बरुआ चीन-म्यांमार सीमा के पास रहता है। उल्फा का गठन 1979 में संप्रभु असम की मांग के साथ किया गया था। इसके बाद से यह कई विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है, जिसके कारण केंद्र सरकार ने 1990 में इसे प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया।



### 1979 में हुआ था अलगाववादी संगठन उल्फा का गठन

**प्रतिनिधिमंडल** में 16 उल्फा सदस्य और 14 लोग नागरिक समाज से शामिल हैं। इसके पहले केंद्र ने अप्रैल में वार्ता समर्थक गुट को प्रस्तावित समझौते का मसौदा भेजा था, जबकि अगस्त में नई दिल्ली में गुट के साथ चर्चा का एक और दौर आयोजित किया गया था। संगठन के महासचिव अनुप चेतिया ने कहा, शांति समझौते के लिए उल्फा के वार्ता समर्थक गुट का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दिल्ली पहुंचा। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर कहा था, समझौते पर हस्ताक्षर शुक्रवार शाम पांच बजे गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किए गए।

**1979 में हुआ था गठन:** अलगाववादी संगठन उल्फा का गठन अप्रैल 1979 में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) से आए बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ था।

### लंबे समय तक असम और पूरे उत्तर-पूर्व ने हिंसा झेली

**यूनाइटेड** लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के गुट और केंद्र और असम सरकार के बीच त्रिपक्षीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस बाबत राजधानी दिल्ली में हुई बैठक में असम के सीएम हिमंता बिस्व शरमा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के डीडीपी भी मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है। लंबे समय तक असम और पूरे उत्तर-पूर्व ने हिंसा झेली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ही उग्रवाद, हिंसा और विवाद मुक्त उत्तर-पूर्व भारत की कल्पना लेकर गृह मंत्रालय चलता रहा है। भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच जो समझौता हुआ है, इससे असम के सभी हथियारी गुटों की बात को यहीं समाप्त करने में हमें सफलता मिल गई है।



मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करते हुए।

### पूर्व सैनिकों की फांसी: 'लीगल टीम के साथ रणनीति पर होगी चर्चा'

**नई दिल्ली।** कतर की अदालत द्वारा भारत के पूर्व नौसैनिकों की फांसी की सजा कम किए जाने के बाद इस मामले में सरकार ने बड़ा अपडेट दिया है। सरकार ने कहा कि वह कानूनी टीम के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेगी।

**पूर्व नौसैनिकों की फांसी की सजा टली:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व नौसैनिकों की सजाएं कम कर दी गई हैं, लेकिन जब तक हम विस्तृत फैसला नहीं देख लेते, मेरे पास कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने लोगों से आग्रह किया कि अटकलों पर ध्यान न दें। साथ ही उन्होने कहा कि भारतीयों और उनके परिवार के सदस्यों के हित हमारी सबसे बड़ी चिंता हैं।

### नीतीश संभालेंगे जदयू की कमान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जनता दल** यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष पद को लेकर एक सप्ताह से जारी तमाम अटकलों पर शुक्रवार को विराम लग गया। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया और पार्टी की कमान नीतीश कुमार ने संभाल ली। शुक्रवार की सुबह बैठक में शामिल होने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ललन सिंह एक साथ एक ही गाड़ी से पहुंचे। उसके बाद बैठक में ललन सिंह ने नीतीश कुमार को अपना इस्तीफा दिया। ललन सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि चुनाव में अपनी सक्रियता को देखते हुए मैं अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं और नीतीश कुमार का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित करता हूं। जदयू पार्टी अध्यक्ष पद से ललन सिंह के इस्तीफे के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पार्टी अध्यक्ष बनना तय है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन इसमें अब संशय नहीं रह गया है। ललन सिंह अपना इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने या नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव दिया है।

इस बैठक में नीतीश कुमार को लेकर बड़ा प्रस्ताव लाया गया है। उसमें लोकसभा चुनाव और संगठन के सभी फैसलों के लिए नीतीश कुमार को अधिकृत किया जाएगा। एक अन्य प्रस्ताव में नीतीश कुमार को पार्टी से जुड़ी सभी शक्तियां देने का प्रस्ताव है और गठबंधन पर फैसले के लिए नीतीश अधिकृत किए जाएंगे।

**प्रदूषण नियंत्रण**

8 सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के चयन के लिए भी नीतीश कुमार को अधिकृत किया जाएगा

### आदिवासियों व दलितों को सोरेन सरकार का बड़ा तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के कार्यकाल के चार साल आज पूरे हो गए हैं। इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि हेमंत सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं।

**आदिवासी व दलितों को 50 वर्ष से ही वृद्धा पेंशन का लाभ:** इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न योजनाओं को परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया और साथ ही कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। सीएम सोरेन ने कहा कि अब आदिवासी और दलितों को 50 वर्ष से ही वृद्धा पेंशन का लाभ मिलने लगेगा। साथ ही पीडीएस डीलरों का कमीशन बढ़ने की भी बात कही है।

### विदेशों में बसने वाले पंजाबियों की सुविधा के लिए वेबसाईट लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**
**प्रवासी** भारतीय भाईचारे को पेश मसलों के समाधान के लिए सुविधा मुहैया करवाने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज प्रवासी भारतीय मामलों संबंधी विभाग की नयी वैबसाईट की शुरूआत की। आज यहाँ वैबसाईट की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री ने इसको प्रवासी भारतीयों की भलाई को सुनिश्चित बनाने और उनको अपनी जड़ों के साथ जुड़े रहने में मदद करने के लिए बड़ी पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा एन.आई.सी. की मदद से अति-आधुनिक वैबसाईट तैयार की गई है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि वैबसाईट पर एन.आर.आई. पुलिस विंग, पंजाब स्टेट कमिशन फॉर एन.आर.आईज और एन.आर.आई सभा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी है। इसी तरह मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वैबसाईट राज्य सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों को सिंगल क्लिक पर दी जाने वाली कई सुविधएं भी मुहैया करवाएगी।



**सुविधा मुहैया**

8 एन.आर.आई. भाईचारे को पेश मसलों को सुलझाने में सहायक सिद्ध होगी वैबसाईट

**सीएम ने की बैठक** घोषणा पर हुई देरी व काम में लापरवाही करने के चलते सीएम ने एक्सीएन पर कार्रवाई करने के दिए आदेश

# हरियाणा: सीएम घोषणाओं के तहत 7 हजार से अधिक परियोजनाएं पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वर्ष 2018 में पर्वतिया कॉलोनी, फरीदाबाद के जलघर में पार्क बनाने की घोषणा पर हुई देरी व संबंधित एक्सईएन द्वारा 3 से अधिक बार निविदा प्रक्रिया का हवाला देकर काम में लापरवाही बरतने के चलते मुख्यमंत्री ने संबंधित एक्सीएन पर कार्रवाई करने के आदेश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सीएम घोषणाओं के तहत लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), विकास एवं पंचायत, सिंचाई, शहरी स्थानीय निकाय विभागों और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2020 तक की लंबित घोषणाओं को इस वर्ष में ही पूरा करने का काम करें, ताकि आम जनता को इन परियोजनाओं का लाभ तुरंत मिल सके। इसके अलावा, वर्ष 2021, 2022 की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी लाई जाए। परियोजनाओं का आवश्यक अध्ययन करने के बाद, ऐसी परियोजनाओं की एक अलग सूची तैयार की जाए, जो अभी संभव नहीं हैं, ताकि लंबित घोषणाओं की वास्तविक संख्या का पता लग सके। इसके अलावा, जो काम अलॉट हो गए हैं, उन्हें भी जल्द पूरा करवाया जाए। बैठक के दौरान जिला गुरुग्राम के वजीराबाद में लगभग 10 एकड़ में बनाये जाने वाले स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गई हैं। जल्द ही प्रक्रियाएं पूरी करके कार्य का आवंटन कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह के नाम पर रखने का आदेश दिया।



**समीक्षा**

8 वजीराबाद में बन रहे स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह के नाम पर होगा

# 'ललन बाबू के पास हैं 12-13 विधायक'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**जनता** दल यूनाइडेट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से ललन सिंह ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया। वहीं, नीतीश कुमार के पास अब पार्टी की कमान आ गई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया है। पदाधिकारियों ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था जिसपर मुहर लग गई है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है ललन सिंह का पत्ता योजना के तहत साफ किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने ललन सिंह के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "देखिए ललन बाबू का इस्तीफा आज की बात नहीं है... दो महीने पहले की बात है। ललन सिंह और बिजेंद्र यादव तो तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। ये प्रस्ताव लेकर गए थे और इस पर नीतीश कुमार ने नाराजगी व्यक्त की थी।"



**'हमने नीतीश कुमार से कहा था...':** मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार से मेरी जो अंतिम बातें हुई थी, यह कहकर हम हटे थे कि अगर आपको ऐसा लगता है कि जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाकर आपने गलती की है, तो अगर तेजस्वी यादव को सीएम बनाया तो उससे भी भारी गलती आप करेंगे। जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार के मन में यह बात रह गई होगी कि तेजस्वी यादव को हम मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे।

**उठापटक**

8 ललन सिंह और बिजेंद्र तो तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। ये प्रस्ताव लेकर गए थे

# ग्रामीण आंचल को बनाया जा रहा है सशक्त: दुष्यंत चौटाला

## घर द्वार पर सरकारी सेवाओं का लाभ देते हुए जनहित की दिशा में कदम बढ़ा रही सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए विशेष रूप से ग्रामीण आंचल को सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाए हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित करने के लिए घर द्वार पर सरकारी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं जिनका लाभ पात्र लोगों को प्रभावी रूप से मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री आज रेवाड़ी जिला के गांव तिहाड़ा, प्राणपुरा व आसलवास में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर उन्होंने ग्राम पंचायत की मांगों पर संज्ञान लेते हुए यथासंभव पूरा करने का विश्वास दिलाया।

**आमजन को प्रदान की जा रही हैं सरकारी सेवाएं : उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीण जनसभाओं में कहा कि**



**मौजूदा सरकार** की सोच हरियाणा प्रदेश का विकास करवाने की है और सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के प्रत्येक हल्के व प्रत्येक गांव का एक समान विकास करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय व समान विकास की विचारधारा के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से कदम बढ़ाते हुए सरकार लोगों को सरकारी सुविधाएं एवं सेवाएं उनके घर द्वार पर ही प्रदान कर रही है। अब कोई भी नागरिक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया के अमल में आने से प्रदेश के नागरिकों को जाति, जन्म व रिहायशी प्रमाण पत्र, बुढ़ापा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसी लगभग सभी सुविधाएं घर से ही प्राप्त हो रही है, इससे जन साधारण को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने तथा समय व पैसे की बचत जैसी राहत मिली है।

**जनता से किए वायदे पूरे कर रही सरकार:** उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को सुविधा दी है। अब फसल बेचने के दो दिन के अंदर-अंदर उपज का मूल्य किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो जाता है। सरकार की ओर से किसानों को फसल खराब होने पर जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से आए आवेदन अनुरूप मुआवजा राशि पीड़ित किसानों के खाते में तत्परता से पहुंच रही है। हरियाणा सरकार निरंतर नवाचार और नई-नई पहलों के माध्यम से किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही है। सरकार बीज से बाजार तक अवधारणा के अनुरूप किसानों को उत्तम बीजों के वितरण से लेकर उनकी फसल खरीद हेतु बाजार तक पहुंच की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। अब सीएससी के माध्यम से माउस की एक क्लिक पर जमीन की फर्द निकल जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपए से कम हैं उन परिवारों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं का सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। सरकार ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता से किए वायदे पूरे कर रही हैं।

### 'सरकार ने किया किसान, कमेरे और मजदूर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम'

**उप** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी नीतियां लागू कर किसान, कमेरे और मजदूर वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने का काम किया है। आज प्रदेश के किसान को फसल का पूरा भाव मिल रहा है तथा फसलों के दाम 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं। गांवों में पार्क, व्यायामशाला और ई-लाईब्रेरी बनाकर शहरों जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रदेश में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां विकास कार्य नहीं हो रहे हों। सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है, जिससे महिलाओं का सम्मान बढ़ा है और उनमें आत्मविश्वास की भावना प्रबल हुई है। इसी प्रकार तीन में से एक राशन डिपो महिला को दिए जाने का प्रावधान किया है। सरकार ने 600 सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है, परिणाम स्वरूप सीएससी सेंटर के माध्यम से घर के पास से ही लोग सरकारी सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

# 'लाभार्थियों को एक ही स्थान पर मिल रहा है योजनाओं का लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

यमुनानगर जिला में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रमों में एक ही स्थान पर लाभार्थियों को योजनाओ का लाभ मिल रहा है। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल कार्ड, अंत्योदय योजना का लाभ, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण सहित अन्य योजनाओं का लाभ देकर अंत्योदय के सपने का साकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री



नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ वैन ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को यमुनानगर जिला के गांव चंगनौली, गनौला, गनौली, अर्जुन माजरा, मणीपुर के लिए चंगनौली, गनौली व अर्जुन माजरा में पहुंची। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवरपाल ने कहा कि सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है।

## 'पात्र लाभार्थियों के घर द्वार पर खुशहाली लेकर आ रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**फतेहाबाद के** विधायक दुड़ाराम ने शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में भूना खंड के गांव खासा पठाना व ढाणी गोपाल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने मुख्यातिथि व जनसंवाद यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर विधायक ने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने 25 लाख रुपये की लागत से बनी नवनिर्मित तालाब की चारदीवारी व 8 लाख रुपये की राशि से बस अड्डा के सौंदर्यीकरण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने गांव में अंबेडकर भवन की चारदीवारी का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक दुड़ाराम ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के घर द्वार पर खुशहाली लेकर गांव-गांव पहुंच रही है। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और मौके पर ही उनका निवारण किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की सभी तरह की छुट्टियां रद्द की: विज

### स्वास्थ्य मंत्री का आश्वासन- राज्य के किसी भी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान/अस्पताल में आने वाले मरीजो को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं करवाई जाएगी मुहैया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया है कि राज्य के किसी भी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान/अस्पताल में आने वाले किसी भी मरीज को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सरकारी डॉक्टरों द्वारा हड़ताल के आह्वान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की सभी तरह की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।उन्होंने बताया कि बड़े पैमाने पर जनता को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए, स्वास्थ्य विभाग ने लगभग 3,000 डॉक्टरों को तैनात किया है, जिनमें सलाहकार/वरिष्ठ सलाहकार, एनएचएम डॉक्टर, डीएनबी डॉक्टर, मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा अधिकारी और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हैं।



उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के डॉक्टरों ने अपनी मांगें पूरी होने तक 29.12.2023 से सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं बंद करने के साथ हड़ताल का आह्वान किया है। हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ. रणदीप सिंह पूनिया, डॉ. जे.एस. पुनिया, डीजीएचएस, डॉ. मनीष बंसल, डीएचएस ने कल शाम एचसीएमएस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें राज्य अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार, मीडिया समन्वयक डॉ. अमरजीत और जिला अध्यक्ष डॉ. मंदीप शामिल थे। राज्य महासचिव डॉ. अनिल यादव भी व्हाट्सएप कॉल पर शामिल हुए, जिसमें एसोसिएशन की सभी मांगों पर चर्चा की गई, जैसे विशेषज्ञ कैडर का सृजन, पीजी नीति में संशोधन, वेतन संशोधन और एसएमओ की सीधी भर्ती को रोकना। इस बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि विशेषज्ञ कैडर को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है और वर्तमान में सीधे एसएमओ की कोई भर्ती नहीं की जा रही है, बल्कि 100 चिकित्सा अधिकारियों को एसएमओ के रूप में पदोन्नत किया जाएगा, जिसके लिए मामला प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा, वेतन संशोधन और पीजी नीति में संशोधन भी सरकार के विचाराधीन है तथा एसोसिएशन की मांगों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर निपटाया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली मंत्री ने ली जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने शुक्रवार को नारनौल के पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में जनसुनवाई की। इस दौरान पहले से ही निर्धारित 16 मामले सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से 11 मामले मौके पर ही निपटाए गए तथा 5 मामले अगली बैठक के लिए लंबित रखे गए हैं। इस मौके पर गांव सेहलंग निवासी राजपाल की सुनवाई करते हुए बिजली मंत्री ने कहा कि पीड़ित के परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता अगले वित्त वर्ष में दे दी जाएगी। इसमें 2.5 लाख रुपये वे खुद तथा 2.5 लाख रुपये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अपने कोटे से देंगे। राजपाल की पोती पायल की कुछ माह पहले बस में चढ़ते समय हुए हादसे में मौत हो गई थी। इस मामले में चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। मंत्री ने रोडवेज जीएम को निर्देश दिए कि वहां पर बस स्टॉप बनाया जाए। गांव भालखी निवासी कुरड़ा राम की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बिजली मंत्री ने निर्देश दिए कि 3 नवंबर 2022 को प्रार्थी ने लोहे के पोल बदलने के लिए आवेदन दिया था। इस पर तत्कालीन एसडीओ ने एक साल तक कोई भी कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उन्हें तुरंत प्रभाव से चार्जशीट किया जाए। गांव राजावास व राठीवास के सरपंच मोहित की शिकायत पर उन्होंने एडीसी की अध्यक्षता में जनपरिवेदना समिति के दो मेंबर को लेकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। सरपंच ने बताया था कि उनके गांव में पाइपलाइन डालते समय टाइल तोड़ी गई थी जो दोबारा नहीं लगाई गई।

### जन के साथ कार्यकर्ताओं को भी जगाने निकलेंगे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में वर्ष 2024के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को अहमियत के मद्देनजर नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधानसभा क्षेत्रों में जनाक्रोश रैली जारी रखते हुए जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन भी करने की योजना बनाई है। भूपेंद्र हुड्डा जिलावार कार्यकर्ता सम्मेलन कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पहले चरण में सात जिलों के कार्यकर्ता सम्मेलन तय किए जा चुके हैं। इन कार्यकर्ता सम्मेलनों के साथ-साथ विधानसभा स्तरीय जन आक्रोश रैलियां चलती रहेंगी। हुड्डा की टीम ने हिसार व झज्जर में दो राज्य स्तरीय बड़ी रैलियां करने के कार्यक्रम भी निर्धारित किए हैं। भूपेंद्र हुड्डा अपने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलनों की शुरूआत मुख्यमंत्री मनोहर लाल के गढ़ करनाल से करेंगे। साल 2023 का समापन कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश रैली से होगा।

## 'जरूरतमंदों के दरवाजे तक पहुंच रहा मोदी की गारंटी का रथ'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि सुशासन के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी के रथ गांव-गांव, शहर- शहर जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंच रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करने का आधार साबित होगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग का कल्याण हो रहा है और वास्तिवक लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लगाए स्टॉल का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी भी ली। इसके साथ ही लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और मौजूद नागरिकों को विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई। उन्होंने योगा प्रदर्शन करने वाले और पात्र लाभार्थियों तथा होनहार छात्रों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन, विदुर पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के प्राण पत्र भी वितरित किए। गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने की जिमेदारी युवाओं के कंधे पर है। मौजूदा युवा पीढ़ी और भावी युवा पीढ़ी को अमृत काल में देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीति रही है कि क्षेत्र के विकास में स्थानीय लोगों की बराबर भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी का रथ देश के हर गांव में पंहुच रहा है।

## इंजीनियरिंग कार्यों के लिए ठेकेदारों की राह अब और भी होगी आसान

**ई-बैंक गारंटी**

**8 इंजीनियरिंग कार्यों के लिए ठेकेदारों द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी को ई-बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार करेगी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पेपरलेस, फेसलेस और पारदर्शी व्यवस्था के विज को साकार करते हुए ठेकेदारों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल की शुरूआत करने के बाद अब ई-गर्वनेंस की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। राज्य सरकार जल्द ही इंजीनियरिंग कार्यों के लिए ठेकेदारों द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी को ई-बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार करेगी।

इससे ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के तहत सरकार के तीन प्राथमिक इंजीनियरिंग विभागों लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों के इंजीनियरिंग कार्यों में काम करने के इच्छुक ठेकेदारों को बड़ी सुविधा मिलेगी और उनके समय की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर कार्य अपलोड हो जाने के बाद और प्रशासनिक स्वीकृति मिल जाने के बाद उनकी तकनीकि स्वीकृति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। यदि 90 दिन से ज्यादा तकनीकि स्वीकृति लंसबित रहती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस लिमिटेड के प्रतिनिधियों द्वारा ई-बैंक गारंटी के संबंध में प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में ठेकेदारों द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी (हार्ड कॉपी) की प्रक्रिया लंबी है, जिसमें लगभग 5-6 दिनों का समय लगता है। जबकि ई-बैंक गारंटी से यह काम केवल 3-4 घंटों में ही पूरा हो सकेगा। इससे ठेकेदारों के साथ-साथ सरकारी विभागों को भी सुविधा होगी। बैठक में बताया गया कि कभी-कभी विभागों को यह पता नहीं चल पाता कि किस ठेकेदार की बैंक गारंटी कब समाप्त हो रही है और वे सशर्त बैंक गारंटी को इनकैश भी नहीं करवा पाते, जिससे वित्तीय नुकसार भी होता है। ई-बैंक गारंटी अपनाने से इस पोर्टल के माध्यम से विभागों को भी अलर्ट जाएगा कि बैंक गारंटी की अवधि क्या है।

## कुरुक्षेत्र विवि ने जारी की एनईपी 2020 यूजी प्रथम समेस्टर की डेट-शीट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ /अंकुश जैन**

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा एनईपी 2020 के यूजी प्रथम सेमेस्टर की डेट-शीट भी जारी कर दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने एनईपी 2020 को सभी महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 से लागू कर दिया है व इस कड़ी में विश्वविद्यालय एनईपी 2020 को लागू करने वाला देश व प्रदेश का प्रथम विश्वविद्यालय बन गया है। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 के लिए आईयूएमएस पोर्टल 29 दिसम्बर, 2023 से परीक्षा फॉर्म व ऑनलाइन फीस लेने हेतु खोल दिया गया है व 4 जनवरी, 2024 तक सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरवाने होंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 28 दिसंबर, 2023 को सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक ऑनलाइन मीटिंग आयोजित की गई थी व परीक्षा फार्म भरने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया था तथा इससे संबंधित यूजर मेनुअल तैयार करके सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को ई-मेल के माध्यम से भेजा जा चुका है। एनईपी 2020 के तहत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जनवरी, 2024 से शुरू होंगी।

# 'आत्मनिर्भर और विकसित देशों की सूची में जनभागीदारी के बलबूते शामिल होगा भारत'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को कैथल जिला के गांव सौंगरी में पहुंची, जहां महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व ग्रामीणों ने यात्रा जोरदार स्वागत किया। यात्रा के तहत गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में राज्यमन्त्री कमलेश ढांडा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निवारण करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्न देशों की सूची में शामिल करने का संकल्प लिया है और प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के प्रत्येक देशवासी को सहयोग करना होगा। आज इसी संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के करोड़ों लोगों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर लाभार्थियों को सरकार की साढ़े 9 साल की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉक ड्रिल भी देखी। राज्यमन्त्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। देश की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, उज्ज्वला योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से देश-प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है।

# 'जनता के अधिकारों की सुरक्षा करना सरकार का दायित्व'

## जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में किया 17 समस्याओं का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल ने शुक्रवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक के एजेंडे में शामिल 24 शिकायतों में 17 का मौके पर ही समाधान किया और 7 मामलों में कार्रवाई के निर्देश देते हुए अगली बैठक तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता जनार्दन ही मालिक होती है। इसी सोच व सेवा भाव के साथ प्रदेश में अंत्योदय उत्थान के साथ



आमजन के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के समक्ष आए परिवादों में सोहना नगर परिषद से आए एक शिकायतकर्ता ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वह नगर परिषद की दुकान का किराया अदा कर रहा है। ऐसे में जब उसने सरकार की नई पालिसी के तहत उस दुकान के मालिकाना हक के लिए आवेदन किया तो तत्कालीन कार्यकारी अभियंता ने उसकी पात्रता की नेगटिव रिपोर्ट तैयार कर सोहना नगर परिषद की पुरानी आबादी के भीतर मौजूद उसकी दुकान को नजूल भूमि पर दशार्या दिया। इसके अतिरिक्त उसके पात्रता के आवेदन को स्वीकार करने के लिए उससे पांच लाख रुपये की भी डिमांड की। कृषि मंत्री ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उक्त अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भ्रष्टाचार की शिकायतों सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ रही है। भ्रष्टाचार की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के समक्ष एक अन्य शिकायत में माहिरा होम्स-104 बायर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि उक्त प्रोजेक्ट में संबंधित बिल्डर ने करीब 1500 नागरिकों को फ्लैट आवंटित किए थे। जिसमे सभी आवंटियों ने अभी तक करीब 40 प्रतिशत पैसा बिल्डर के पास जमा करा दिया है। लेकिन पिछले दो साल से उक्त प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन में कोई प्रगति नही हुई है। कृषि मंत्री ने शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई करते हुए इस पूरे मामले की जांच स्टेट विजिलेंस से

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का होगा आयोजन

## 05 जनवरी से 07 जनवरी 2024 तक महामस्तकाभिषेक का आयोजन भी किया जायेगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**परम** पूज्य राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी मुनिराज के मंगल आशीर्वाद एवं उनके परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री 108 विशोक सागर जी मुनिराज की प्रेरणा से निर्माणाधीन लघु श्री सम्मेद शिखर जी रचना के प्रथम चरण में चोपड़ा कुंड की प्रतिकृति में प्रतिमाएं विराजित करने हेतु परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी मुनिराज ससंघ, परम्पराचार्य श्री 108 प्रज्ञसागर जी मुनिराज ससंघ एवं प.पू. उपाध्याय श्रमण श्री विशोक सागर जी मुनिराज ससंघ के पावन सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन शनिवार 30 दिसंबर 2023 से बृहस्पतिवार 04 जनवरी 2024 तक आयोजित होने जा रहा है,



तत्पश्चात 05 जनवरी से 07 जनवरी 2024 तक महामस्तकाभिषेक का आयोजन भी किया जायेगा।

तीर्थ क्षेत्र पर विराजमान उपाध्याय श्री विशोक सागर जी महाराज ने बताया की पाषाण से भगवान बनाने की प्रक्रिया का नाम ही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव या पंचकल्याणक महोत्सव होता है जिसमें विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से सूर्य मंत्रों के द्वारा

**सम्मेद शिखर**

**8 क्षेत्र का परिचय दिया बताया के 2 जनवरी की रात्रि में भव्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है**

पाषाण की प्रतिमा को भगवान मानकर पूजा करने हेतु पूज्य बनाया जाता है । यह सभी कार्य सद्गुरु के निर्देशन में विद्वान प्रतिष्ठाचार्य श्री संजय सरस द्वारा संपन्न कराए जाएंगे । यह क्षेत्र का परम सौभाग्य है की इस प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज लगभग 30 साधुओं के संघ सहित एवम आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज भी अपने संघ सहित पधार रहे हैं।

हरियाणा प्रांत में संभवतः पहली बार इतने अधिक साधुओं के सान्निध्य में पंचकल्याणक महोत्सव होने जा रहा है।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राजीव जैन भी प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे उन्होंने बताया ऐसे पुण्यर्जन करने के अवसर बहुत ही दुर्लभ होते हैं अनेक जन्मों के पुण्य के संकलन से ऐसे अवसर प्राप्त होते हैं उन्होंने ट्रस्ट के परम संरक्षक होने के नाते सभी उपस्थित भक्तों को निमंत्रण दिया कि सभी इस कार्यक्रम में बड़ चढ़कर भाग ले और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। प्रवक्ता स्वदेश जैन ने क्षेत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला, क्षेत्र का परिचय दिया और बताया के 2 जनवरी की रात्रि में भव्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है।

# मोहड़ी से ललाना वाली सड़क हादसों को दे रही न्यौता: जरनैल सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गांव** मोहडी से ललाना को जाने वाली सड़क की हालत बहुत ही दयनीय हो रही है और वहा की सड़क के साथ ही एक बहुत बड़ा गड़ा है इसी रोड़ से स्कूलो कि बसे भी निकलती है गाँव में धुंध होने के कारण कुछ दिखाई नही देता । जिसके चलते यहा कोई भी हादसा हो सकता है आम जनता व किसानों के बीच जाकर रोजाना लोगों कि समस्या सुनते समाज सेवक जरनैल सिंह मोहड़ी व गांव के किसान राजू रणजीत सिंह ,जसविंदर सिंह ,गुरविंदर सिंह ,जगतार सिंह आदि का कहना है कि सिंचाई विभाग ने कुछ दिनों पहले सड़क के नीचे से एक पाइप डाला था उसके बाद उसके ऊपर मिट्टी डालने का कार्य औपचारिकता पूर्ण पूरा नहीं किया



गया जो दोनों सिरों से बिल्कुल ही खड्डा बन गया है जिसमें राहगीरों को गिरने से चोटे व कोई भी हादसा हो सकता हैं जनरल सिंह मोहड़ी का कहना है कि धुंध के मौसम के कारण कई बार तो तेज रफ्तार वाहनों को यह रास्ता दिखता भी नहीं है इसलिए इस रास्ते के खड्डे में कोई भी अनहोनी हो सकती है इसलिए सिंचाई विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि वह संबंधित ठेकेदार से बात कर कर इस खड्डे में मिट्टी भराव और ऊपर से रास्ता प्लेन करवा ताकि आने-जाने वाले राहगीर स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके।

# मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष** कुमार)

मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल मे वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह वार्षिक उत्सव दो दिवस 28 व 29 दिसम्बर को हुआ। गीता जयंती के उपलक्ष्य मे ही इसका विषय अभ्युत्थानम रखा गया। पहले दिवस के वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि प्रो चमन लाल गुप्ता (एक्स चेयरमैन) हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला व विशेष अतिथि डॉ विवेक कोहली (प्रिंसिपल सोहन लाल डी ए वी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अम्बाला शहर) व हमारे विद्यालय के प्रबंधक का विद्यालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) हरियाणा, जोन-डी डॉ आर आर सूरी व स्थानीय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प माला पहनाकर विद्यालय के द्वार पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा हवन व विभिन्न क्लब रोबोटिक्स, इको, लीगल लिटरेसी क्लबों द्वारा विभिन्न गतिविधियां, आर्टिफीसियल इंटेलीजेंसी व कोडिंग प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। हैरिटेज क्लब द्वारा हमारी भारतीय संस्कृति धरोहर प्रदर्शित की गई। रथ पर श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता उपदेश देते हुए रथ पर झांकी प्रस्तुत की गई। स्कूल के बैंड द्वारा विद्यालय के प्रांगण द्वार पर लाकर छात्रों द्वारा तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया और विद्यालय के प्रांगण मे





प्रवेश कराया गया। गायत्री मन्त्र द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलन करते हुए डी ए वी गान गा कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। डॉ आर आर सूरी द्वारा मुख्य व विशेष अतिथि को पुष्प गुच्छ प्रदान कर विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई। अभ्युत्थानम विषय के आधार पर सर्वप्रथम गणपति वंदना, वैकुण्ठ दृश्य, श्री कृष्ण जन्म, उनका बचपन, पूतना नृत्य द्वारा वध का प्रयास, कंस वध, पासो का खेल, पांचाली नृत्य द्वारा भरी सभा मे पांचाली का चीर हरण, श्री कृष्ण को बांधना, अभिमन्यु वध दशार्ते हुए श्री कृष्ण के जन्म से युद्ध तक का सारा वृतांत बहुत ही सुन्दर ढंग से एक ही श्रृंखला मे दशार्या गया।

विशेष अतिथि डॉ विवेक कोहली ने कहा कि डी ए वी संस्थाएं लगभग 137 वर्षों से चली आ रही है। मुरलीधर के छात्र न केवल शिक्षा मे बल्कि खेल-कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भी सबसे आगे रहते है। उन्होंने कार्यक्रम की अत्यंत प्रशंशा की। सारा कार्यक्रम भारतीय संस्कृति पर आधारित है। इन सबके पीछे डॉ सूरी का व उनके स्टाफ का पूरा योगदान रहता है।

मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि व माननीय सदस्यों द्वारा विद्यालय की पत्रिका प्रतिबिम्ब का विमोचन किया गया

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत वीरवार को सीआईए टू पुलिस की एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सिवाह बस स्टेंड के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर बनाए हुए थी। इसी दौरान संदिग्ध किस्म का एक युवक चौटाला रोड की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सन्नी उर्फ गटू पुत्र मुकेश निवासी सौदापुर के रूप में बताई।

# रीडिंग प्रमोशन में माजरा स्कूल की छात्राएं रही अव्वल

**प्रतियोगिता**

**8 मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**रीडिंग** प्रमोशन कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , कुरुक्षेत्र में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उप जिला शिक्षा अधिकारी व डी. पी. सी. वर्तमान प्रधानाचार्या, डाइट, पलवल, कुरुक्षेत्र श्रीमती संतोष शर्मा जी ने की। राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा की छात्राओं ने विभिन्न



प्रतियोगिताओं में भाग लिया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा की कक्षा 6 की छात्रा दिशा ने छठी कक्षा वर्ग की वर्तनी प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं की छात्रा नवनीत कौर ने कक्षा सातवीं वर्ग की स्पेल बी और स्टोरी राइटिंग दोनों प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम- प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं की साखीप्रीत ने कक्षा आठवीं वर्ग की वर्तनी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उप जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा जी व श्री रामकरण, बी. आर. सी., लाडवा ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक श्री जसबीर सिंह सैनी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के बच्चों दिशा, नवनीत कौर व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली साखी प्रीत तथा ए. पी. सी. श्रीमती कृष्णा,सामाजिक विज्ञान अध्यापिका श्रीमती सविता सैनी और एबीआरसी श्रीमती पूजा शर्मा व बी. आर. पी. कोमल अन्य अध्यापकों हरदविंदर सिंह जसमहिंदर सिंह, संदीप कुमार व बच्चों के अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारीश्री वीरेंद्र गर्ग का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

# दसवीं कक्षा की छात्रा जसप्रीत ने जिला स्तरीय टेंस क्वीज में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** रा. क व मा विद्यालय लाडवा की दसवीं कक्षा की छात्रा जसप्रीत ने जिला स्तरीय टेंस क्वीज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रा ङ्क वङ्क मा ङ्क विद्यालय लाडवा में व जिला स्तरीय प्रतियोगिता राङ्क आ ङ्क संस्कृति वङ्क मा ङ्क वि ङ्क कुरुक्षेत्र में किया गया। प्रतियोगिया



के विजेताओं को शील्ड व सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। इस की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल रामपाल सरोहा ने बताया की अलग अलग प्रतियोगताओ में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अन्य छात्राओ ने भी भाग लिया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

**पानीपत** ग्रामीण हलके के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत जन कल्याण योजना एवम सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। ग्रामीण हल्के के गांव गढ़ी सिकंदरपुर और गोपाल कॉलोनी में जनसंपर्क साध करके लोगों की समस्याएं सुनी और उनका हाल-चाल जाना इस अवसर पर जैन ने कहा है कि मैं पानीपत ग्रामीण हल्के में सेवा करने के मकसद से राजनीति में आया हूं मेरे को राजनीति करने नहीं आती भाईचारा निभाना आता है, अगर आप लोगों ने अपना प्यार और आशीर्वाद मुझे दिया तो मैं ग्रामीण हल्के की राजनीति की दिशा और दशा बदलने का काम करूंगा । जैन ने कहा है कि आज देश व प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र

**जनसंपर्क**

**8 ग्रामीण हल्के के गांव गढ़ी सिकंदरपुर और गोपाल कॉलोनी में जनसंपर्क साध करके लोगों की समस्याएं सुनीं**

मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में प्रदेश और देश उन्नति के पद पर अग्रसर है और देश का नाम पूरे संसार में सम्मानजनक तरीके से लिया जाता है यह सभी हमारे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व का परिणाम है, जिन्होंने देश का नाम विश्व में रोशन किया और हरियाणा में मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रगति और विकास के कार्य बड़े धड़ले से हो रहे हैं और तीसरी बार फिर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है।

## छोटे-छोटे प्रयासों से ही समाज को बदला जा सकता है: रजनी गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** जिले के गाँव सीठाना में ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से बड़ी सी आशा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में जिला महिला संरक्षण एवम बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम का परिचय देते हुए ब्रेकथ्रू संस्था से प्रदीप कुमार ने बताया की यह अभियान 16 दिसंबर से चला हुआ है और 6 जनवरी तक चलेगा जो हरियाणा के छः जिलों के 128 गाँवो में दिखाया जाएगा।

# समाजसेवा ही असली सेवा है : डॉ. अनुपमा आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**आर्य गर्ल्ज कॉलेज,** अम्बाला छावनी में नेकी के द्वार सामाजिक अभियान की शुरूआत 11 जनवरी, 2021 को की गई थी जिसमें समय-समय पर महाविद्यालय जरूरत का सामान व कपड़े इकट्ठा करके जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाता है। इस सामाजिक अभियान की श्रृंखला में इन्नरव्हील क्लब, रोटरी क्लब व अन्य सामाजिक संस्थान समय-समय पर सहयोग करते रहते हैं। इस बार इस अभियान में महाविद्यालय के साथ रोटेज्क्ट क्ल्ब आर्य गर्ल्ज कॉलेज ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया व बड़े स्तर पर सामान इकट्ठा किया जो कि नये साल वाले दिन गांधी ग्राउंड और



स्लम एरिया में वितरित किए जाएंगे। इस बार छात्राओं ने पुराने सामान के साथ-साथ अपने जेबखर्चे से पैसे निकालकर नए वस्त्र, जूते, चप्पल, खाने-पीने का सामान आदि खरीदा है जो कि सराहनीय कार्य है।

महाविद्यालय प्राचार्या ने इस सराहनीय कार्य पर बधाई देते हुए कहा कि समाज सेवा ही असली सेवा है। यह कार्य निःसंदेह ऐसा सहयोग है जो कि जरूरतमंद लोगों का सहयोग कर सकेगा। इस अभियान की कार्यवाहक डॉ. सरिता ने बताया कि अभियान का उद्देश्य है कि सामान की जरूरत है तो यहां से ले जाएं अथवा ज्यादा हो तो दे जाएं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना एक नेक कार्य है। इसलिए हर व्यक्ति को कुछ न कुछ किसी भी रूप जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। रोटेज्क्ट आर्य गर्ल्ज कॉलेज की अध्यक्ष मिस युक्ति ने कहा कि सेवा ही परम धर्म है। इस अवसर पर इस सामाजिक अभियान में रोटेज्क्ट के सदस्य मनप्रीत, सान्या, अदिति, सिमरन, यामीन, ज्योति ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े युवा पीढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह)**

समालखा के गांव नरायणा में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में पंहुचे वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण छौक्कर विकसित भारत जन संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण छौक्कर का गांव नरायणा सरपंच प्रमोद शर्मा ने अपने साथियों के साथ बुके देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में छौक्कर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। मुख्य अतिथि ने युवा पीढी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि केंद्र



सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि साढे नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनैक्शन के लिए लाईनें लगती थी, आज घरों तक गैस कब पहुंचती है सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। मुख्य अतिथि कृष्ण छौक्कर ने पीएम मोदी की गांरटी यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं,और अपना काम कराने की कोशिश करते हैं, मगर आज सभी कार्यालय आपके गांव में आएं हैं। पीएम मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल कि पहल पर सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके दरवाजे पर पंहुची है।

मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सफलता की कहानियां सांझा करते हुए अपने-अपने अनुभवों के बारे में बताया कि कैसे वह और उनका परिवार सरकार की अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ उठाकर बेहतर व अच्छे तरीके से अपना जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के दौरान मुख्यातिथि और अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गांव के सरपंच को उनके अच्छे कार्य करने पर सम्मानित किया गया विभिन्न प्रतियोगिताओं में नरायणा गांव के सरकारी स्कूल के बच्चों को सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा,मंडल महामंत्री भूषण छौक्कर, मंडल उपाध्यक्ष करण सिंह, एक्शन बिजली एम एस धीमान, एक्शन पब्लिक हेल्थ संजय शर्मा, बीडीपीओ नितिन यादव, राजकुमार छौक्कर, सोमदत्त शर्मा, सतपाल नंबरदार, राजेंद्र छौक्कर, राजपाल मास्टर आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने हल्के के विभिन्न गांवों की मीटिंग रखी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

नेशनल हाइवे स्थित छौक्कर फार्म हाउस पर शुक्रवार को कांग्रेस विधायक धर्मसिंह छौक्कर ने हल्के के विभिन्न गांवों बिलासपुर,महावटी ,देहरा,डिकाडला, आटा, जोराआसी खास, जोरासी खांलसा और गड़ी छाजू के वर्करों के साथ मीटिंग की गई छौक्कर फार्म हाउस, समालखा पर कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक ली। इस दौरान विधायक धर्मसिंह छौक्कर ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं के दम पर 2024 का विधानसभा चुनाव पूरी ताकत से लड़ेंगी। इस बार पार्टी पूर्ण बहुमत



के साथ सरकार बनाएगी।

दरअसल, शुक्रवार को छौक्कर फार्म हाउस पर कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक में विधायक छौक्कर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के चुनाव के लिए हमें आज से ही जुटना होगा। अब समय कम है, गांव-गांव जाकर भाजपा के छल-बल की सरकार की नाकामियों को जनता को बताना होगा।

## न्यूज फ्लैश

### वारी एनर्जीज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** भारत में 12 गीगावॉट की सबसे बड़ी कुल स्थापित क्षमता के साथ सौर पीवी मॉड्यूल की सबसे बड़ी निमार्ता (30 जून, 2023 तक) कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 30,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य वाले 3,200,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी के ऑफर फॉर सेल में वारी सस्टेनेबल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले महावीर थर्माइक्विप प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 2,700,000 इक्विटी शेयर तक, चंदुरकर इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 450,000 इक्विटी शेयर और समीर सुरेंद्र शाह द्वारा 50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। (अन्य विक्रय शेयरधारक) कंपनी इस फंड का उपयोग भारत के ओडिशा में 6 गीगावॉट इनगॉट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा की स्थापना करने के साथ-साथ सामान्य कॉपोर्रेट उद्देश्यों के वित्तीय इंतजाम के लिए करेगी। वारी एनर्जीज लिमिटेड ने 2007 में सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कामकाज शुरू किया था। कंपनी का उद्देश्य बाजारों में गुणवत्ता वाले और लागत प्रभावी टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करना और टिकाऊ ऊर्जा के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले कार्बन फुट-प्रिंट को कम करने में सहायता करना है जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो। 30 जून, 2023 की स्थिति के अनुसार आज कंपनी 12 गीगावॉट की सबसे बड़ी कुल स्थापित क्षमता के साथ भारत में सौर पीवी मॉड्यूल की सबसे बड़ी निमार्ता है। वित्त वर्ष 23 के लिए, कंपनी की भारत में सभी घरेलू सौर पीवी मॉड्यूल निमार्ताओं के बीच दूसरी सबसे अच्छी परिचालन आय थी। कंपनी के सौर ऊर्जा उत्पादों के पोर्टफोलियो में निम्नलिखित पीवी मॉड्यूल शामिल हैं- मल्टीक्रिस्टलाइन मॉड्यूल; मोनोक्रिस्टलाइन मॉड्यूल; टॉपकॉन मॉड्यूल, जिसमें लचीले मॉड्यूल शामिल हैं जिनमें बाइफेशियल मॉड्यूल (मोनो पीईआरसी) (फ्रेमयुक्त और अनफ्रेमयुक्त), और इंटीग्रेटेड फोटो वोल्टाइक (बीआईपीवी) मॉड्यूल का निर्माण शामिल है।

### ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड (फर्स्टक्राई.कॉम) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड माताओं, शिशुओं और बच्चों के उत्पादों के लिए भारत का सबसे बड़ा मल्टी-चैनल रिटेलिंग प्लेटफॉर्म है (जीएमवी के संदर्भ में, दिसंबर 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए)।
कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में ?18,160 .00 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और शेयरधारकों की ओर से 54,391,592 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।
पीआई अपॉर्चुनिटीज फंड द्वारा 8,601,292 इक्विटी शेयर तक- 1 ऑफर फॉर सेल में एसवीएफ फ्रॉग (केमैन) लिमिटेड द्वारा 20,318,050 इक्विटी शेयर, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड द्वारा 2,806,174 इक्विटी शेयर, पीआई अपॉर्चुनिटीज फंड-1 द्वारा 8,601,292 इक्विटी शेयर, टीपीजी ग्रोथ वी एसएफ मार्केट्स पीटीई लिमिटेड द्वारा 3,899,525 इक्विटी शेयर, न्यूक्वेस्ट एशिया इन्वेस्टमेंट्स कक्क लिमिटेड द्वारा 3,014,233 इक्विटी शेयरों तक, एप्रिकॉट इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड द्वारा 2,523,280 इक्विटी शेयरों तक, वैलेंट मॉरीशस पार्टनर्स एफडीआई लिमिटेड द्वारा 2,404,344 तक, टीआईएमएफ होल्डिंग्स (मॉरीशस) द्वारा 837,676 इक्विटी शेयरों तक, थिंक इंडिया अपॉर्चुनिटीज मास्टर फंड एलपी (केमैन) द्वारा 837,676 इक्विटी शेयर और श्रोडर्स कैपिटल प्राइवेट इक्विटी एशिया मॉरीशस II लिमिटेड (कॉर्पोरेट सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 616,945 तक इक्विटी शेयर तक का ऑफर शामिल है।

### प्रोफीकोर्न 2023 : एमएसएमई के लिए हुआ पावरफुल आयोजन

**गुरुग्राम।** बैंगलोर में आयोजित प्रोफीकोर्न 2023 ने उद्यमिता की जीवंत भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दो दिनों के दौरान 1200 से अधिक कारोबार मालिक एक छत के नीचे इकट्ठा हुए। पहले दिन की शुरूआत राज शमानी के साथ हुई, जिन्होंने ब्रांडिंग पर अपनी मास्टरक्लासेज के माध्यम से सात शक्तिशाली सिद्धान्तों को साझा किया, दर्शकों ने इनकी खूब सराहना की। उन्होंने आज के प्रतिस्पर्धी दौर में एक ब्राण्ड की स्थापना और विकास पर विचार प्रस्तुत किए। इस आयोजन के दौरान रामेश्वरम कैफे के राघवेन्द्र राव और दिव्या राघवेन्द्र राव के साथ उद्यमिता के स्थानीय फ्लेवर्स का जश्न भी मनाया गया। उन्होंने बताया कि किस तरह वे अपने कैफे को मंदिर और अपने ग्राहकों को भगवान मानते हैं। इस तरह उपभोक्ता-उन्मुख बिजनेस मॉडल के महत्व पर रोशनी डाली गई। 43 एमएसएमई कारोबार मालिकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित बिजनेस सक्सेस अवॉर्ड कार्यक्रम का आकर्षण केन्द्र रहे, जिन्होंने कारोबार समुदाय की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले उद्यमियों ने अपनी यात्रा के बारे में बताया।

# आने वाला समय तकनीक से जुडकर आगे बढ़ने का: हरविंद्र

## सोहाना और छपरा जागीर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस। घरौंडा के** विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि आने वाला समय तकनीक से जुडकर आगे बढने का है। किसानों को भी तकनीक का फायदा उठाना चाहिये। खेतों में दवा छिडकाव के लिये ड्रोन इस्तेमाल करने से समय और धन दोनों की बचत होती है। स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव नहीं पड़ता। फसल पर छिडकाव भी समान रूप से होता है।



हरविंद्र कल्याण

आज सोहाना गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। कलाकारों द्वारा विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये गये। समाजसेवी जोगेंद्र राणा द्वारा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। सरपंच रेखा रानी ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। दोपहर बाद यात्रा छपरा जागीर पहुंची। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुक्तकंठ से सराहना करते हुये कहा कि वे राष्ट्रभक्त हैं और गरीब परिवार से उठकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री देशहित में फैसले ले रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाये जाने के बाद वहां के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि राज्य में ई-टेंडरिंग, पोर्टल और ऑनलाईन व्यवस्था लागू करने से भ्रष्टाचार पर रोक लगी है। उन्होंने कहा कि सरकार महापुरूषों की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को खासकर युवाओं को यह संदेश देना चाहती है कि वे महापुरूषों के दिखाये रास्ते पर चलें तथा समाज व देशहित के लिये भी कार्य करें।

## अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखे जाने पर मिठाई बांटकर मनाई खुशी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस। अयोध्या** एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखे जाने पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने सैक्टर-9 वाल्मीकि भवन में इक्ट्ठे होकर मिठाई बांटकर खुशी मनाई और एक-दूसरे को बधाई दी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के प्रधान सुभाष बुम्बक ने बताया कि भाजपा सरकार ने अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पहले ही अयोध्या जक्शन का नाम बदलकर अयोध्य धाम रेलवे स्टेशन किया था। सरकार के इस निर्णय से वाल्मीकि समाज के लोगों में खुशी का माहौल है।
इस अवसर पर पूर्व इंस्पेक्टर गुलजार सिंह, जयपाल चनालिया, पूर्व एसडीएम करण सिंह कागड़ा, सुबेदार जयराज बिडलान, कोषाध्यक्ष दयानंद, राजेन्द्र चनालिया, संजय सौदा, संजय गांधी, नवदीप चावरिया, संजय मॉडल टाऊन, समीर बुम्बक, दीपक व मानसिंह उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय पठन प्रोत्साहन माह प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस राजकीय कन्या** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जिला स्तरीय पठन प्रोत्साहन माह (पढ़े भारत-बढ़े भारत) कार्यक्रम का आयोजन डीपीसी उर्वशी विज के मार्गदर्शन में किया गया। डीपीसी उर्वशी विज ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों को आगे बढने का एक अवसर मिलता है।



कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एपीसी अंजू ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक से हिंदी डिबेट, अंग्रेजी में टेंस का प्रयोग, हिंदी.अंग्रेजी कहानी व कविता, हिंदी व अंग्रेजी में वर्तनी में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिलेभर के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कक्षा 6 से 12 तक कुल 168 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एपीसी अंजू ने कहा कि वर्तनी प्रतियोगिता से बच्चों में शब्दकोष का विस्तार होगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिक्षा का महत्व, स्वास्थ्य देखभाल आदि विषयों से परिचित एवं जागरूक होंगे। कहानी लेखन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। बच्चे भावनाओं की अभिव्यक्ति कर पाते हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले डीपीसी उर्वशी विज के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। इस दौरान पीजीटी रेखा, सतीश कुमार, डाण सुमन सुलेख, प्रवीन चौधरी, कर्मजीत, अरूण कैहरबा, शीशनपाल, शैली नागपाल, तारो देवी, सुमित बंसल, कृष्ण कुमार, उषा रानी, यशपाल, अशोक, सतीश, प्रदीप, दिनेश आदि पीजीटी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## डंपरों से तेल चोरी रोकने पर हुआ हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस। जिले के** मलिकपुर गांव में डंपरों से डीजल चोरी करते पकड़े गए चोरों ने अपने साथियों के साथ डंपर ड्राइवरों व मालिक पर लाठी-डंडों व तेजधार हथियारों से हमला बोल दिया। इस दौरान डंपर मालिक की बोलेरो गाड़ी में जमकर तोडफोड़ की गई है। आरोप है कि हमलावर बोलेरो से 50 हजार रुपए कैश निकाल कर फरार हो गए।



वारदात में मालिक सहित 6 ड्राइवर बुरी तरह से घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना देर रात करीब 12 बजे की है। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार मलिकपुर गांव में गुरुवार की रात 12 बजे कुछ डंपर चालकों ने अपनी 10 गाडि?ों को खड़ा किया हुआ था। रात को घने कोहरे का फायदा उठाकर कुछ युवकों ने डंपरों से डीजल चोरी करना शुरू कर दिया। इसकी भनक डंपर चालकों को लगी और उन्होंने चोरों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चोरों ने उनके साथ झगड़ा कर दिया।
रात को ही डीजल चोरी की सूचना डंपर चालकों ने मालिक को दी। इसके बाद डंपर मालिक अपनी बोलेरो गाड़ी में मौके पर पहुंच गए। जब मालिक मौके पर पहुंचा तो तेल चोरी के आरोपियों ने मालिक व ड्राइवरों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

## 7वीं कक्षा की दो छात्राओं का हुआ अपहरण, क्लास रूम में मिले बैग

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। रामनगर थाना** क्षेत्र से सातवीं कक्षा में पढ़ रही दो छात्राओं के अपहरण का मामला सामने आया है। छात्राएं यूनिफॉर्म में सरकारी स्कूल में गई थी। उनके बैग स्कूल के क्लास रूम में रखे मिले। छात्राओं के अपहरण की सूचना से हडकंप की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में लड़कियों के परिजनों ने बताया कि दोनों छात्राओं की उम्र 12 साल है। दोनों ही सातवीं कक्षा में पढ़ती हैं। सरकारी स्कूल कालोनी से थोड़ा दूर है। दोनों छात्राएं गुरुवार सुबह



9 बजे अपने घर से स्कूल के लिए निकली थी। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उनकी बेटियां दोपहर दो बजे से गायब है। दोनों छात्राएं स्कूल में ही अपना बैग छोडकर गई हैं। उन्हें शक है कि उनकी बेटियों को अपहरण हुआ है।
शिकायतकर्ता ने बताया है कि वह हॉस्पिटल में काम करती है और उसके पास कल शाम करीब 5 बजे स्कूल से मैडम का कॉल आया था कि क्या आपकी बेटी घर पहुंची हैं, तो उसने कहा कि उसकी बेटी घर नहीं पहुंची। उसने आसपास के एरिया में काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पर भी सुराग नहीं लग पाया।
पीड़ित परिवारों को कहना है कि उन्हें डर कहीं उनकी बेटियों के साथ कोई अनहोनी न जाए, जिसके चलते वह पुलिस के पास भी बार-बार जा रहे हैं। पुलिस भी अब तक बेटियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पीड़ितों का आरोप है कि दोनों बेटियों का किसी ने अपहरण किया है। उनकी बेटियों के पास तो पैसे भी नहीं है और न ही कपड़े, जिससे वह ठंड से बच सकें। स्कूल की यूनिफॉर्म में ही दोनों बेटियां स्कूल गई थी।
रामनगर थाना के जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि दो नाबालिगों के अपहरण की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। जल्द ही छात्राओं का सुराग लगा लिया जाएगा।

## भारतीय मानक ब्यूरो हरियाणा शाखा कार्यालय की गुणवत्ता प्रतिबद्धता: स्टैंडर्ड क्लब के छात्रों के लिए चल रही प्रतियोगिताएं

**यमुनानगर: भारत सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स, फू**ड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन मंत्रालय के अधीन कार्यरत ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) यानी भारतीय मानक ब्यूरो के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीआईएस की हरियाणा शाखा ने गुरुवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग और और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की । कक्षा नौ से बारहवीं के चयनित 30 छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया।
प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल मनीशा सिंह और मेंटर कमलप्रीत कौर , बीआईएस के साइंटिस्ट-बी पाकी बालू की अगुवाई में किये गये। सर्टिफिकेशन का महत्व विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग कंपीटिशन में छात्रों की कलात्मक रचनायें देखने को मिली। ह्यउत्पादों पर बीआईएस सर्टिफिकेशनः वरदान या अभिशाप नामक निबंध लेखन प्रतियोगिता हुआ।
प्रतियोगिताओं के बाद बीआईएस अधिकारों ने छात्रों को संबोधित करते हुये पाकी बालू बताया कि बीआईएस मार्केट मे वस्तुओं के मानकीकरण, आकलन और क्वालिटी सर्टिफिकेश की दिशा में प्रयासरत है और साथ ही बीआईएस का उद्देश्य लोगों में अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजगता भी दिलवाना है।
कार्यक्रम के दौरान छात्रों की इस विषय से जुड़ी शंकायें भी दूर की गई। छात्रों को उपभोक्ता अधिकारों से सजग करवाने की कड़ी में बीआईएस का यह प्रदेश व्यापी अभियान राज्य के अन्य जिलों के स्कूलों में ऐसी गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा कर रही है संजीवनी का काम'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस। नीलोखेड़ी** के विधायक धर्मपाल गोंदर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव अमुपुरए बड़थल व ऐबला जागीर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ सौदा ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।
इस अवसर पर विधायक धर्मपाल गोंदर ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम में आमजन द्वारा जो समस्याएं बताई जाती हैं, उन पर तुरंत प्रभाव से कार्य होता है। जो समस्याएं किसी कारणवश निदान के बिना रह जाती हैं, उनको मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं देखते हैं। इतना ही नहीं एक महीने के समय के अंदर-अंदर उनका निदान भी करते हैं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का सपना निश्चित रूप से साकार होगा।

## डीसी ने सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षा को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** उपायुक्त अनीश यादव ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से 31 दिसंबर को आयोजित करवाई जाने वाली सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षा को जिला में नकलरहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



परीक्षा के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की दृढ़ता से अनुपालना सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षाओं के लिए जिला में 33 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 9685 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिला में उक्त परीक्षा केवल प्रातः कालीन सत्र में होगी, परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8.30 बजे से 9.30 बजे तक प्रवेश कर सकेंगे। बिना एडमिट कार्ड के कोई भी परीक्षार्थी प्रवेश नहीं कर सकेगा। परीक्षा के दौरान मोबाईल के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा केन्द्र अधीक्षक को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे, जैम्बर तथा बायोमैट्रिक मशीन इत्यादि की समय रहते उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी कमरों में साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था करवाई जाए।

## 'घर द्वार पर खुशहाली लेकर आ रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा शुक्रवार को असंध विधानसभा के हथलाना व बजीदा रोड़ान गांव में पहुंची। यहां पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने शिरकत की। हथलाना गांव के कार्यक्रम में शपथ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान ने दिलवाई। वहीं बजीदा रोड़ान में नरेंद्र नरवाल ने शपथ दिलवाई।
कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के घर द्वार पर



खुशहाली लेकर गांव-गांव पहुंच रही है। जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और मौके पर ही उनका निवारण किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है।
जिलाध्यक्ष ने कहा कि 'मोदी की गारंटीइ से गरीबों के जीवन में खुशहाली आई है। केंद्र व राज्य सरकार ने देश-प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक जनहितकारी फैसले लेकर दशार्या कि सरकार का अंत्योदय उत्थान पर पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद यात्रा जनता की भलाई के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बड़े विजन के साथ काम कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने ग्रामीणों के लिए प्रशासन के द्वारा दी जा रही सभी सेवाएं, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, बुढापा पेंशन, स्वास्थ्य सेवाए, कृषि सेवाए, बिजली सेवाएं, अन्य सेवाओं को ग्रामीणों के घर-द्वार पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने ग्रामवासियों से इन सभी सुविधाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की। हथलाना गांव में सरपंच ईश्वर सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत राणा, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, ब्लॉक समिति चेयरमैन सुखदेव सिंह, ब्लॉक समिति के वाईस चेयरमैन सुरेंद्र कतलेहड़ी, अमन दादुपुर, बाबू राम, सुरेंद्र जाणी, बीडीपीओ गुरमालक सिंह, सतपाल जैन मौजूद रहे। बजीदा रोड़ान में सरपंच कुलदीप सिंह, टेकचंद, जरनैल सिंह, सुरेंद्र फौजी, रामचंद्र, प्रेमसिंह, हवासिंह, रामकिशन, हरफूल, राजकुमार, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, महामंत्री सुनील गोयल, लोकसभा विस्तारक शशी दुरेजा, बाबूराम व अन्य वरिष्ठ गणमान्य मौजूद रहे।

## मॉडल संस्कृति स्कूल घरौंडा में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस। डीएसपी महिला** सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन व महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में महिला टीम ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल घरौंडा में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।
महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। टीम ने छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नही कर रहा है। उन्होंने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को राजेश लता ने विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने छात्राओं को उसके घरए स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।
महिला निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया।

## संपादकीय

# 'झांकी' से उपजा विवाद

**अरविंद के**जरीवाल और केंद्र सरकार के मध्य विवाद कभी सुलझते नहीं। एक सुलझता है, तो दूसरा खड़ा हो जाता है। विवाद भी ऐसे, जिन्हें जानकर या सुनकर कोई भी इंसान थोड़ी देर के लिए अचरज में पड़ जाए। ऐसा ही एक नया विवाद इस वक्त दिल्ली में खड़ा हो चुका है। केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच ह्यझांकीह्ल को लेकर तनातनी हो गयी है। विवाद दरअसल ये है कि आगामी गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को इंडिया गेट पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परेड में दिल्ली की ह्यझांकीह्ल को अनुमति नहीं मिली है। परेड समिति ने दिल्ली की झांकी को रिजेक्ट कर दिया है। कारण बताया है कि परेड के माध्यम से केजरीवाल राजनीति करना चाहते हैं। अपने कामों का प्रचार चाहते हैं। वैसे, केंद्र और केजरीवाल के बीच कई मसलों पर विवाद हैं लेकिन उन्हें छोड़ कर सियासी खींचतान ह्यझांकियोंह्ल तक पहुंच गई है। गणतंत्र दिवस परेड में किस प्रदेश की झांकी को शामिल करना और किसे नहीं, ये निर्णय हो चुका है। आम आदमी पार्टी शासित प्रदेश इसमें शामिल नहीं हैं। यह सूचना जबसे केजरीवाल को मिली है, वह तमतमाए हुए हैं। वैसे, उनका नाराज होना स्वाभाविक भी है। आखिर उनकी झांकी को ऐन वक्त पर रिजेक्ट जो कर दिया। केजरीवाल की तरफ से कहा जा रहा है कि झांकी की तैयारी बीते सितंबर माह से चल रही थी। इस बार दिल्ली सरकार की योजना थी कि शिक्षा और स्वास्थ्य के मॉडल को झांकी के जरिए प्रस्तुत कर न सिर्फ भारत बल्कि समूची दुनिया को दिखाएंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति समारोह के मेहमान हैं, वो भी देखेंगे। लेकिन केंद्र ने केजरीवाल की मंशा पर पानी फेर दिया है।

बहरहाल, झांकियों को शामिल करने की एक प्रक्रिया होती है। राज्यों की तरफ से कुछ माह पहले प्रस्ताव केंद्र को भेजे जाते हैं जिसमें दिल्ली सरकार को थोड़ी देरी हुई। यही कारण है कि रक्षा मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड-2024 के लिए दिल्ली की झांकी को शामिल नहीं किया। यह लगातार तीसरा गणतंत्र दिवस होगा, जब दिल्ली की झांकी देश के मुख्य समारोह का हिस्सा नहीं होगी। इससे पहले वर्ष-2021 में दिल्ली की झांकी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुई थी। तब, चांदनी चौक में किए गए री-डवलपमेंट की थीम पर आधारित झांकी निकाली गई थी। लेकिन इस बार केजरीवाल अपने राजनीतिक मॉडल की प्रस्तुति चाहते थे।

विवाद यहीं से आरंभ हुआ। समिति ने उनके समक्ष प्रस्ताव रखा था कि दिल्ली अपनी संस्कृति की छवि झांकी के माध्यम से पेश कर सकती है, पर केजरीवाल अपनी जिद पर अड़े रहे। तब, हार कर समिति ने निर्णय लिया। लेकिन ये विवाद अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है जो शायद जल्द शांत न हो। वहीं, दिल्ली सरकार मानती है कि अमृतकाल का दौर चल रहा है इसलिए उन्होंने 26 जनवरी पर ह्यविकसित भारतह्ल की थीम पर आधारित झांकी का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिसमें दिल्ली के विकास की नई तस्वीर पेश होती। झांकी में दिल्ली के नए सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और मुहल्ला क्लीनिक मॉडल को दशार्ना था, जिसने राजधानी को एक नई पहचान दिलाई है। पर, केंद्र सरकार की स्क्रीनिंग कमेटी को यह थीम बिल्कुल नहीं जंची और रिजेक्ट कर दिया। केजरीवाल इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घसीट रहे हैं।

# प्रचेता पुत्र ब्रह्मर्षि वाल्मीकि



संजय तिवारी

> अपने वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में भी गये थे। भगवान वाल्मीकि को श्रीराम के जीवन में घटित प्रत्येक घटना का पूर्ण ज्ञान था। सतयुग, त्रेता और द्वापर तीनों कालों में वाल्मीकि का उल्लेख मिलता है इसलिए भगवान वाल्मीकि को सृष्टिकर्ता भी कहते हैं, रामचरितमानस के अनुसार जब श्रीराम वाल्मीकि आश्रम आए थे तो आदिकवि वाल्मीकि के चरणों में दण्डवत प्रणाम करने के लिए वे जमीन पर डंडे की भांति लेट गए थे और उनके मुख से निकला था। तुम त्रिकालदर्शी मुनिनाथा, विस्व बदर जिमि तुमरे हाथा। (अर्थात आप तीनों लोकों को जानने वाले स्वयं प्रभु हैं। ये संसार आपके हाथ में एक बैर के समान प्रतीत होता है।) सृष्टि के आदि कवि और श्रीमद रामायण के रचयिता ब्रह्मर्षि वाल्मीकि कोई चोर अथवा डाकू नहीं है

**ब्रह्मर्षि** वाल्मीकि त्रिकाल दर्शी हैं। सतयुग, द्वापर और त्रेता तीनों युगों में उनकी उपस्थिति के शास्त्रीय प्रमाण हैं। जगज्जननी भूमिजा सीता जी के चरित्र और गुणों के साथ राम के जीवन पर रामायण की रचना सृष्टि को उनकी देन है। ऐसे आदिकवि के बड़ी सटीक और वास्तविक जानकारी बहुत आवश्यक है। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी के पुत्र प्रचेता के पुत्र महर्षि वाल्मीकि जी रामायण के प्रसिद्ध रचयिता हैं जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने देववाणी में रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि श्रीराम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से, परिचित करवाता है। आदिकवि शब्द 'आदि' और 'कवि' के मेल से बना है। 'आदि' का अर्थ होता है 'प्रथम' और 'कवि' का अर्थ होता है 'काव्य का रचयिता'। वाल्मीकि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य की रचना की थी जो रामायण के नाम से प्रसिद्ध है। प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना करने के कारण वाल्मीकि आदिकवि कहलाये। महर्षि वाल्मीकि आदिकवि हैं।

वाल्मिकी जी के पिता का नाम प्रचेता है। ब्रह्मपुत्र वरुण जी का ही यह दूसरा नाम है। वाल्मीकि जी ने 24000 श्लोकों में श्रीराम उपाख्यान ह्यरामायणह्ल की रचना की । ऐसा वर्णन है कि- एक बार वाल्मीकि क्रौंच पक्षी के एक जोड़े को निहार रहे थे। वह जोड़ा प्रेमालाप में लीन था, तभी उन्होंने देखा कि बहेलिये ने प्रेम-मग्न क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया। इस पर मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके विलाप को सुनकर वाल्मीकि की करुणा जाग उठी और द्रवित अवस्था में उनके मुख से स्वतः ही यह श्लोक फूट पड़ा।

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वंगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौंचमिथुनादेकं वधीः काममोहितम्॥

(अर्थः हे दुष्ट, तुमने प्रेम में मग्न क्रौंच पक्षी को मारा है। जा तुझे कभी भी प्रतिष्ठा की प्राप्ति नहीं हो पायेगी और तुझे भी वियोग झेलना पड़ेगा।) उसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध महाकाव्य "रामायण" (जिसे "वाल्मीकि रामायण" के नाम से भी जाना जाता है) की रचना की और "आदिकवि वाल्मीकि" के नाम से अमर हो गये। अपने महाकाव्य "रामायण" में उन्होंने अनेक घटनाओं के समय सूर्य, चंद्र तथा अन्य नक्षत्र की स्थितियों का वर्णन किया है। इससे ज्ञात होता है कि वे ज्योतिष विद्या एवं खगोल विद्या के भी प्रकाण्ड ज्ञानी थे। महर्षि वाल्मीकि जी ने पवित्र ग्रंथ रामायण की रचना की परंतु वे आदिराम से अनभिज्ञ रहे।

राम राम सब जगत बखाने
आदि राम कोइ बिरला जाने।।

अपने वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में भी गये थे। भगवान वाल्मीकि को श्रीराम के जीवन में घटित प्रत्येक घटना का पूर्ण ज्ञान था। सतयुग, त्रेता और द्वापर तीनों कालों में वाल्मीकि का उल्लेख मिलता है इसलिए भगवान वाल्मीकि को सृष्टिकर्ता भी कहते हैं, रामचरितमानस के अनुसार जब श्रीराम वाल्मीकि आश्रम आए थे तो आदिकवि वाल्मीकि के चरणों में दण्डवत प्रणाम करने के लिए वे जमीन पर डंडे की भांति लेट गए थे और उनके मुख से निकला था। तुम त्रिकालदर्शी मुनिनाथा,
विस्व बदर जिमि तुमरे हाथा।
(अर्थात आप तीनों लोकों को जानने वाले स्वयं प्रभु हैं। ये संसार आपके हाथ में एक बैर के समान प्रतीत होता है।)

सृष्टि के आदि कवि और श्रीमद रामायण के रचयिता ब्रह्मर्षि वाल्मीकि कोई चोर अथवा डाकू नहीं है। हमारे आदि कवि वास्तव में ब्रह्मर्षि प्रचेता के पुत्र हैं। वरुण देव का ही एक नाम प्रचेता भी है । वाल्मीकि जी इन्ही के दसवें पुत्र हैं। इन्होने अयोध्या के दक्षिण तमसा नदी के तट पर अपना आश्रम स्थापित किया था। प्रभु श्रीराम ने जब सीता जी को वनवास दिया तब वह इन्ही वाल्मीकि जी के आश्रम में आ कर रही थी। श्रीमद रामायण में ही वाल्मीकि जी ने अपना पूरा परिचय लिखा है। जब वह सीता जी को लेकर राम के दरबार में पहुचाते हैं तब वह स्वयं कहते है कि राम , आपकी सीता उतनी ही पवित्र है जितना आपकी अपेक्षा है। मैंने अपने जीवन में न तो कभी झूठ बोला है और ना ही किसी प्रकार का कोई गलत कार्य किया है। ऐसे में यदि सीता में कोई भी दोष हो तो वह सारा पाप मुझे लग जाय। स्वयं पर इतना आत्मविश्वास करने वाले वाल्मीकि जी कि बात पर प्रभु श्री राम भी चकित हैं।

वाल्मीकि जी लव, कुश और सीता जी को लेकर श्रीराम के पास आये हैं। यहाँ वह अपना परिचय भी देते हैं कि मैं प्रचेता का दसवां पुत्र वाल्मीकि हूँ। अब यह स्वयं प्रमाण है कि रामायण के रचयिता वाल्मीकि कभी डाकू नहीं थे। इस प्रसंग को जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने भी विस्तार से अनेक अवसरों पर व्याख्यायित किया है। वास्तव में वाल्मीकि जी के संदर्भ में सनातन द्रोहियों ने बहुत गंभीर साजिश रची। मैकाले के अनौरस सन्तान वामपंथियों ने महर्षि वाल्मीकि को किरात, भील, मल्लाह तक बना डाला मिथ्या प्रचार कर लोगों में भ्रम उत्पन्न किया है जबकि यह असत्य और शास्त्र विरुद्ध है। महर्षि वाल्मीकि को हमारे शास्त्रों में आदिकवि बताया गया है। महर्षि वाल्मीकि श्रीमद्वाल्मीकिरामायण में अपना परिचय देते हुए कहते हैं कि मैं भृगुकुल वंश उत्पन्न ब्राह्मण हूँ-

सन्निबद्धं हि श्लोकानां
चतुर्विंशत्सहस्त्रकम् ।
उपाख्यानशतं चैव
भार्गवेण तपस्विना ।। ७.९४.२६ ।।

इस महाकाव्य में इलोपख्यान 24 सहस्त्र श्लोक है और सौ उपाख्यान है जिसे भृगुवंशीय महर्षि वाल्मीकि जी ने ही रचा है । महाभारत में भी वाल्मीकि को भार्गव (भृगुकुलोद्भव ) कहा गया है और यही रामायण के रचनाकार है।

श्लोकद्वयं पुरा गीतं भार्गवेण महात्मना।
आख्याते राजचरिते नृपतिं प्रति
भारत।।(महा० शान्तिपर्व १२/५६/४०)

शिवपुराण में भी कहा गया है कि वे भार्गवकुलोतपन्न थे भार्गववंश में लोहजङ्घ नामक ब्राह्मण थे उन्ही का दूसरा नाम ऋक्ष था ब्राह्मण हो कर भी अन्य काम करते थे और श्रीनारद जी की सद्प्रेरणा पुनः तप के द्वारा महर्षि हो गये । इसके अलावा विष्णुपुराण में भी इन्हें भृगुकुलोद्भव ऋक्ष हुए जो वाल्मीकि कहलाये।

ऋक्षोऽभूद्धार्गवस्तस्माद्
वाल्मीकिर्योऽबिधीयते ।
(विष्णु पुराण ३/३/१८)

श्रीमदवाल्मीकि रामायण में वाल्मीकि अपना परिचय देते हुए कहते हैं-
प्रचेतसो ऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन
।।(वा० रा ७.९६.१९ ।)
मैं प्रचेतस का दसवां पुत्र वाल्मीकि हूँ।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है-
कति कल्पान्तरेऽतीते
स्त्रष्टुः सृष्टि विधौ पुनः ।।
यः पुत्रश्चेतसो धातुर्बभूव मुनिपुंगवः ।।
तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः
।।१/२२/ १-३ ।।

अर्थात कल्पनान्तरो के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उतपन्न हुआ उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित से उतपन्न होने के कारण प्रचेता कहा गया। इसलिए ब्रह्मा के चेत से उत्पन्न दस पुत्रों में वाल्मीकि प्रचेतस प्रसिद्ध हुए। मनुस्मृति में वर्णन है ब्रह्मा जी ने प्रचेता आदि दस पुत्र उत्पन्न किये।

अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु
तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम् ।
पतीन्प्रजानां असृजं
महर्षीनादितो दश ।। १.३४ ।।
मरीचिं अत्र्यङ्गिरसौ
पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् ।
प्रचेतसं वसिष्ठं च
भृगुं नारदं एव च ।। १.३५ ।।

यह शास्त्र प्रमाणित है कि महर्षि वाल्मीकि जी जन्म से ब्राह्मण थे और भृगुवंश में उत्पन्न हुए थे। लोकापवाद के कारण श्रीराम ने सीताजी को वाल्मीकि के आश्रम के पास छोड़ा था।



## कविता

फूलों सा तेरे सामनें बिखर जायेंगे
!
गजरे सा तेरे गेसुओं में संवर जाएंगे।

अपनी सांसों को रखिए महफूज,
खुशबू सा सांसो मे बिखर जायेंगे!

महसूस करने की कोशिश तो कीजिए!
यादों की तरह दिल मे उतर जायेंगे!!

जेहन में रहकर भी, क्यों हैं इतनी दूरियां,
नजदीक आइये,थोड़ा हम भी संवर जाएंगे।

अरे जरा नजरें इनायत तो करिए हुजूर,
दूर होकर भी बेहद नजदीक नजर
आएंगे!!

इंतजार की अब इन्तेहाँ हो गई शायद,
थोड़ा हम भी तेरी जुल्फों में ठहर जाएंगे।

संजीव

# उम्मीदों और चुनौतियों से रु-बरु एक नया साल

**डॉ घनश्याम बादल**

धरती के सूरज का एक और चक्कर पूरा करने के साथ ही साल 2023 कैलेंडर से गायब हो जाएगा और उसकी जगह नया साल 2024 जगह ले लेगा । जहां 2023 को पलट कर देखने पर इस वर्ष की उपलब्धियां एवं संत्र संत्रास दोनों ही अनुभव किए जा सकते हैं वहीं आने वाले नए साल के लिए भी आंखों में कुछ सपने और मन में कुछ उम्मीदें लिए देश 2024 में प्रवेश करेगा । आइए ,एक नजर डालते हैं क्या-क्या उम्मीदें हैं साल 2024 से और कौन सी चुनौतियां लेकर यह वर्ष शुरू हो रहा है।

**उम्मीद भारी चुनौती लोकसभा चुनाव**

यदि राजनीति से शुरूआत की जाए तो वर्ष 2024 नई लोकसभा के चुनाव लेकर आ रहा है संभवतः अप्रैल मई के महीनों में नई लोकसभा के चुनाव संपन्न हो जाएंगे तथा एक नई सरकार देश की बागडोर संभालेगी । जहां विपक्ष इस उम्मीद में है कि 10 वर्षों से शासन कर रही भाजपा के प्रति एंटी इनकंबेंसी फैक्टर काम करेगा और उसे सत्ता में लौटने का अवसर मिलेगा वहीं भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा यकीन है कि एक बार फिर से देश सरकार की उपलब्धियों एवं राम के नाम पर उन्हें ही अपनी बागडोर सौंपेगा। अब सर्वेक्षण कुछ भी कहें, पुराने परिणाम कुछ भी रहे हों, आने वाले परिणाम कैसे होंगे यह भविष्य के गर्भ में है । हां यह तय है कि पार्टी बदले या न बदले मगर देश को नई सरकार तो मिलेगी ही । एक प्रकार से देश के 140 करोड लोगों के सामने नई सरकार के चुनने की चुनौती है तो सरकार के सामने इन चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की चुनौती भी है। ?

**जम्मू कश्मीर और राज्य का दर्जा**

इसी वर्ष ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के विधानसभा चुनाव के साथ जम्मू एवं कश्मीर के भी चुनाव होने हैं । धारा 370 हटाने के बाद से जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा, केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया गया था मगर उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार जल्दी ही इसे पुनः राज्य का दर्जा दिया जाना है जिसके लिए वहां विधानसभा चुनाव भी होंगे । 370 हटाने के बाद एक आशंका खड़ी की गई थी कि शायद अब वहां आतंक और भी क्रूर होकर उभरेगा लेकिन सरकार ने कुशलता पूर्वक उसे काबू किया । मगर 2023 के जाते-जाते जिस प्रकार से सेना के ऊपर आतंकियों ने हमला किया वह डराने वाला है हालांकि इसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया जा रहा है । अब देखें कि जम्मू कश्मीर को अपना पूर्ण राज्य का रुतबा मिलता है या नहीं और वहां चुनाव होने पर कौन सत्ता में आता है तथा इन चुनाव में आतंकियों की चुनौती का सामना देश और सरकार कैसे करेगी। प्रधानमंत्री ने देश से वादा किया हुआ है कि अगले कुछ वर्षों में विदेशी को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाकर छोड़ेंगे।

## विचार

# नया साल, नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य

प्रियंका सौरभ

नया साल हमारे लिए नया समय ही नहीं बल्कि नए समय के साथ नई उम्मीदें, नए सपने, नया लक्ष्य, नए विचार और नए इरादे लेकर आता है। हम सभी को नए साल की शुरूआत अच्छे और नेक कामों के साथ करनी चाहिए। नया साल हमारे मन के भीतर आशा की नई किरण जगाता है। नया साल तो हर साल आता है लेकिन क्या कभी हमनें ये सोचने की कोशिश की है कि हमने इस साल क्या नया और खास किया जिससे ये साल हमारे लिए यादगार साल बन जाए। हम अपनी जिंदगी में बहुत से उतार-चढ़ाव का सामना करते हैं और ये जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति के लिए हर साल अच्छा ही जाए या हर साल हर किसी के लिए बुरा ही जाए लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता है कि हम बीते कल को भूल जाएं। बीता हुआ कल तो हमें आज के लिए और आने वाले कल के लिए सीख देकर जाता है कि कैसे हम अपने कल को आज से बेहतर बना सकते हैं-

बीत गया ये साल तो, देकर सुख-दुःख मीत।
क्या पता? क्या है बुना ? नई भोर ने गीत।।
जो खोया वो सोचकर, होना नहीं उदास।
जब तक साँसे ये चले, रख खुशियों की आस।।

हर साल, साल-दर-साल, हम अपने दिल में एक गीत और कदमों में वसंत के साथ नए साल में प्रवेश करते हैं। हमें विश्वास है कि जादुई वर्ष अपने साथ हमारी सभी समस्याओं का समाधान लाएगा और हमारी सभी इच्छाएँ पूरी करेगा। चाहे वह सपनों का घर हो, सपनों का प्रस्ताव हो, सपनों की नौकरी हो, सपनों का साथी हो, सपनों का अवसर हो... और भी बहुत कुछ बेहतर हो। लेकिन जैसे-जैसे साल शुरू होता है और हम जो कुछ भी सामने आता है उससे निपटते हैं, नए साल की नवीनता, नए संकल्प, नई शुरूआत पहली तिमाही तक लुप्त होने लगती है। वर्ष के मध्य तक हम बहुत अधिक सामान्यता और कई फीकी आशाओं की चपेट में होते हैं, जो उस वादे से बहुत दूर है जिसके साथ हमने शुरूआत की थी। और आखिरी तिमाही तक हम अपनी वास्तविकता से इतने अभिभूत हो जाते हैं कि हम साल खत्म होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम वर्तमान वर्ष को छोड़ते हुए और एक और 'नया साल' मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और शुभकामनाएं बांटते है-

बाँट रहे शुभकामना, मंगल हो नववर्ष।
आनंद उत्कर्ष बढ़े, हर चेहरे हो हर्ष।।
गर्वित होकर जिंदगी, लिखे अमर अभिलेख।
सौरभ ऐसी खींचिए, सुंदर जीवन रेख।।

नववर्ष वह समय है जब हमें अचानक लगता है कि, ओह, एक साल बीत गया। हम कुछ पलों के लिए स्तब्ध हो जाते हैं कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है, और फिर हम वापिस अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि ऐसा साल में लगभग एक बार तो होता ही है। यदि हम आश्चर्य के इन क्षणों की गहराई में जाएं, तब हम पाएंगे कि हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो सभी घटनाओं को साक्षी भाव से देख रहा है। हमारे भीतर का यह साक्षी भाव अपरिवर्तित रहता है और इसीलिए हम समय के साथ बदलती घटनाओं को देख पाते हैं। जीवन की वे सभी घटनाएं जो बीत चुकी हैं, एक स्वप्न बन गई हैं। जीवन के इस स्वप्न-जैसे स्वभाव को समझना ही ज्ञान है। यह स्वप्न अभी इस क्षण भी चल रहा है। जब हम यह बात समझते हैं तब हमारे भीतर से एक प्रबल शक्ति का उदय होता है और फिर घटनाएं व परिस्थितियां हमें हिलाती नहीं हैं। हालांकि, घटनाओं का भी जीवन में अपना महत्व है। हमें घटनाओं से सीखना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। नया साल नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नए आइडिया की उम्मीद देता है, इसलिए सभी लोग खुशी से बिना किसी मलाल के इसका स्वागत करते हैं-

आते जाते साल है, करना नहीं मलाल।
सौरभ एक दुआ करे, रहे सभी खुशहाल।।
छोटी सी है जिंदगी, बैर भुलाये मीत।
नई भोर का स्वागतम, प्रेम बढ़ाये प्रीत।।

हालाँकि नए साल पर अपनी आशाएँ रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह समझने की जरूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएँ भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि यह आवश्यक नहीं है कि वर्ष ने वह प्रदान किया हो जो हमने उससे चाहा था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कौशल विकास से भविष्य के लिए बेहतर संभावनाएं

**विजय गर्ग**

**कौशल** एवं ज्ञान किसी भी देश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास की प्रेरक शक्तियां हैं। कल की दुनिया को ज्ञान, मशीन बुद्धि और डिजिटल माध्यमों से संचालित किया जाएग इस परिवर्तन के लिए स्वयं की तैयार करने और इसके असीमित अवसरों का लाभ उठाने के लिए हमें अपने उच्च शिक्षा को नए पाठ्यक्रमों और गहन शोध अनुकूलन के साथ पुनर्व्यवस्थित करना होगा। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वैज्ञानिक मानव संसाधन पुल है। यदि हम बृहद स्तर पर शिक्षा-उद्योग संपर्क स्थापित करते हैं तो हमारे पास दुनिया की अनुसंधान एवं विकास राजधानी बनने की क्षमता है। जर्मनी और जापान जैसे औद्योगिक महाशक्ति कहे जाने वाले देशों में कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी भारत के मुकाबले काफी कम है, लेकिन वहां पर प्रशिक्षुओं की संख्या क्रमशः 30 लाख और 10 लाख है। वहीं चीन में इसकी संख्या दो करोड़ है, जबकि भारत में प्रशिक्षुओं की संख्या देश में रोजगार में लगी कुल श्रमशक्ति के एक प्रतिशत से भी कम है, परंतु इससे हमारे जैसे युवा राष्ट्र की संभावित जनसंख्या की संभावनाओं का भी पता चलता है। अनुमान है कि भारतीय उद्योग हर साल करीब एक करोड़ प्रशिक्षुओं को खपा सकते हैं, जिससे यह साबित हो जाता है कि अगर प्रशिक्षण आधारित तरीका अपनाया जाए ती हमारे देश में जबर्दस्त क्षमता, सामर्थ्य और संभावनाएं हैं।

देश की लगभग 60 प्रतिशत आबाद 35 साल से कम उम्र की है और हर साल डेढ़ करोड़ लोग हमारे श्रमशक्ति में शामिल हो रहे हैं।

इतनी बड़ी आबाद के लिए लगतार पर्याप्त रोजगार उत्पन्न कर पाने का सबसे बढ़िया तरीका यही है कि देश में उद्यमिता और नव सृजन का एक ऐसा माहौल बने जिसमें नौजवानों को रोजगार के अवसर पैदा करने वाला और नियोक्ता बनने की भी प्रेरणा मिले। अच्छी बात है कि सरकार 2025 तक स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणाली के माध्यम से कम से कम 50 प्रतिशत शिक्षार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा देने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# कौन सा कल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कल** की ही बात है। वैसे भी हमारे यहाँ बरसों बीत जाने पर भी कल की ही बात है कहने का चलन अनंत काल से चला आ रहा है। हम अपने कल को कभी बासी नहीं पड़ने देते। हमारा कल हमेशा तरोताजा रहता है और रहेगा भी। विश्वास न हो तो तरोताजगी के बलात्कार, भ्रष्टाचार, अन्याय और क्रूरता की पावन खबरों से पटे अखबार के पन्नों या फिर गलाफाड़ प्रचार करते टीवी एंकरों को ही देख लें। हमारे यहाँ तारीखें बदलती हैं, घटनाएँ नहीं। यही तो हमारी तरोताजगी का सबसे बड़ा प्रमाण है। हाँ तो मैं अपने कल की बात बता रहा था। पड़ोस की बहन ने मुझे राखी बांधी थी। औपचारिकता के तौर पर उसने मेरी आरती उतारी, मिठाई खिलाया। मैंने भी उपहार देकर अपनी जिम्मेदारी निभा दी। मैं उनके घर से जैसे ही निकलने वाला था कि मेरी नजर वहाँ पड़े समाचार पत्र पर पड़ी। बड़े-बड़े अक्षरों पर लिखा था शहर में गैंगरेप। पहले तो मैंने इस खबर की कड़े शब्दों में निंदा की जैसा कि हर नेता करता है। किंतु खबर की चीड़फाड़ करते समय मैंने अपनी असलियत व्यक्त करते हुए कहा, ये लड़कियाँ भी जब तक इस तरह के जींस, टी शर्ट और अंगदिखाऊ कपड़े पहनेंगी तब तक उनके साथ इसी तरह की घटनाएँ घटेंगी।

थोड़ी देर पहले तक गैंगरेपियों को डाँटने वाला मैं, पीड़िता को डाँटने लगा। उस पर आरोप मढ़ने लगा। मेरी यह सब बातें बहन ध्यान से सुन रही थी। उसने हँसते हुए कहा, आप तो पूरी तरह नेता जैसी बातें करने लगे हो। लगता है बहुत जल्द चुनाव लड़ने वाले हो। मैंने हँसते हुए कहा, ऐसी कोई बात नहीं है। वैसे ये सारी बातें उन लड़कियों के बारे में है, जो इस तरह के कपड़े पहनती हैं। तुम तो हरगिज ऐसी नहीं हो। तुम्हें देखकर जमाने को सीखना चाहिए। इतना कहते हुए मै बाहर निकल ही रहा था कि मुझे जींस पहनी रमा दिखायी दी। वह हमारे पड़ोस में रहती है। मैंने उसे देखकर उसके कपड़ों की तारीफ कर दी और कहा, तुम इन कपड़ों में खूब फबती हो। इतना कहते हुए मैं अपने घर लौट आया।

## न्यूज फ्लैश

### भगवान श्रीराम मंदिर की स्थापना को लेकर गुप्ति धाम से निकाली जाएगी यात्रा

**गन्नौर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की स्थापना को लेकर जीटी रोड स्थित गुप्ति धाम में 31 दिंसबर को श्रीराम यात्रा निकाली जाएगी। गुप्ति सागर महाराज के सानिध्य में होने वाली यात्रा गुप्ति धाम से शुरू होगी। यात्रा के दौरान ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा का समापन गन्नौर जीटी रोड पर किया जाएगा। गुप्ति सागर महाराज ने बताया कि करीब 500 वर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की स्थापना होने जा रही है। जहां भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था ठीक उसी स्थान पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मंदिर का निर्माण बहुत पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन जब भी मंदिर के निर्माण की बात होती कुछ न कुछ मुसीबत सामने आ जाती थी। अब वह वक्त आ गया है कि मंदिर में श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के साथ-साथ राम भक्त हुनमान की प्रतिमा स्थापित हो रही है। उन्होंने बताया कि श्रीराम यात्रा बड़ी धूमधाम से गुप्तिधाम से लेकर जीटी रोड तक निकाली जाएगी। इस यात्रा में महिलाएं व पुरुष बढ़-चढ़ कर शामिल होंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी यात्रा में पहुंचने का आह्वान किया था।

### बिजली निगम की टीम से मारपीट करने के आरोपितों से गाड़ी व लोहे पत्ती बरामद

**गन्नौर। भांवर** गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के आरोप में गिरफ्तार हुए आरोपित रिंकू व राकेश का शुक्रवार को रिमांड समाप्त हो गया। रिमांड के दौरान पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त गाड़ी व लाहे की पत्ती बरामद की है। पुलिस ने आरोपित रिंकू व राकेश को अदालत में पेश किया जहां अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। बता दें कि बिजली चोरी पकड़ने के लिए निगम के जेई नीरज, जेई यशपाल, जेई महिपाल, जेई नरेंद्र, लाईनमैन जोगिंद्र, एएलएम आशीष, एएलएम अंकित, एएलएम सतीश, चालक मुकेश गत 20 दिसंबर की शाम 7 बजे भांवर गांव में चैकिंग करने गए थे। टीम ने मशरूम फार्म संचालकों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। इसके बाद फार्म संचालक रोहित व राकेश ने 4-5 व्यक्तियों के साथ मिल कर बिजली कर्मियों के साथ मारपीट की। आरोपितों ने जेई को बंधक बना उनके फोन भी तोड़ दिए। इस हमले में जेई नीरज व लाइनमैन जोगिंद्र घायल हो गए। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित रिंकू व राकेश को गिरफ्तार कर लिया था। गन्नौर थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले में और लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है। जिसका नाम भी सामने आएगा उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### 12 ट्यबवैलों की तार काट ले गए चोर

**गन्नौर।** बिलंदपुर गांव में चोर खेतों कई ट्यबवैलों की तार काट ले गए। किसान ने चारी की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव बिलंदपुर के शुभम शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर को चोरों ने एक ही लाइन के 11-12 ट्यूबवैलों की तार चोरी कर ली। चोरों ने उनके ट्यूबवैल के अलावा, सतबीर, कप्तान, धनसिंह, राकेश, विनोद, पुजन, कौला, नीरज, राकेश, बिंद्र व पंचायती ट्यूबवैल की डोरी भी चोरी कर रखी थी। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने शुभम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### असंध उपमंडल के रंगरूटी खेड़ा व मोर माजरा गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।**
**असंध उपमंडल** के रंगरूटी व मोर माजरा गांव में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान दोनों की गांवों में प्रशासन द्वारा जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपरोक्त दोनों ही गांवों में पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि व यात्रा का गांव में पहुंचने पर भव्य रूप से स्वागत किया। इस दौरान बख्शीश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह हम सबके लिए बड़े ही गर्व की बात है कि भारत देश का नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री मिले हैं। वर्तमान में देश मजबूत नेतृत्व के कारण हर क्षेत्र में मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। आज हर सरकारी विभागों में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य हो रहे हैं और इसी कड़ी में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ दिया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि 2024 में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मौका देकर देश व प्रदेश को मजबूत बनाने का काम करें। आज प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के कारण हमारे प्रदेश के खिलाडि?ों का दुनियाभर में डंका बज रहा है। इसी कड़ी में युवाओं को नौकरियां देने में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। हर प्रतिभावान युवा को ही नौकरियां मिल रही हैं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता सज्जन अत्री द्वारा उपस्थित आमजन को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर बीडीपीओ नरेश शर्मा, तहसीलदार सुमनलता, रंगरूटी गांव के सरपंच गुलाब सिंह, सरपंच प्रतिनिधि डेरा पिंडोरिया जसविंद्र सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### गतका मुकाबले माता गुजरी जी व छोटे साहिबजादों की शहादत को रहे समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर व बाबा दिलबाग सिंह कार सेवा वालों के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय विरसा सँभाल गतका मुकाबले आयोजित किए गए। असंध ब्लॉक के गाँव शेखपुरा मंचूरी में आयोजित इन गतका मुकाबलों में कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने विशेष रूप से शिरकत की व गतका मुकाबलों की शुरूआत करवाई। उन्होंने कहा कि उन्हें हरियाणा के गुरुद्वारों के प्रबंध की सेवा करने का अवसर मिला है व उनका प्रयास है कि वो सतगुरू गुरु ग्रंथ साहिब का ओट आसरा लेकर इस जिम्मेदारी को निभायें। असंध ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी सभी कार्यकारिणी साथियों व अन्य सदस्यों ने विभिन्न गुरुद्वारा कमेटियों व सिख संस्थाओं के साथ मिलकर प्रदेश में सिखी सिद्धांत, गुरमत व सिख शस्त्र विद्या के प्रचार प्रसार के अनेक समागम आयोजित करवाये हैं। शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर भी लगातार गुरु हरगोविंद साहेब जी की बख्शी शस्त्र विद्या के कार्यक्रम किए जा रहे हैं, ताकि हरियाणा के सिख नौजवान पतितपुने से दूर रहकर गुरु के साथ जुड़ें। गतका मुकाबलों के संयोजक बाबा दिलबाग सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांत सेवा, सिमरन व शस्त्र विद्या पर आधारित है। जहाँ सिख को सेवा में भाग लेने, एक परमात्मा का सिमरन करने की हिदायत है, वैसे ही अमृत पान कर शस्त्र विद्या सीखने व तैयार भर तैयार रहने के लिए भी गुरु गोबिंद सिंह जी ने आदेश किया है।

# प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई की

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**पिछले 7- 8** साल से विवादों में रहे एंजेल प्राइम मॉल सेक्टर 11 - 12 पानीपत को आखिर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई जिसमें प्रशासन द्वारा वीरेंद्र मलिक निगम अभियंता को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया और एचएसवीपी में कार्यरत रामपाल कुंडू कनिष्ठ अभियंता द्वारा आज सील कर दिया गया सीलिंग के समय काफी संख्या में पुलिस बल दुकानदार और स्थानीय लोग इकट्ठा थे

ज्ञात रहे की एंजेल प्राइम मॉल में बने बैंकट हॉल को लेकर जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद द्वारा 2016 से स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आंदोलन चलाया जिसमें पूर्व मेयर सरदार भूपेंद्र सिंह ,आरडब्ल्यूए प्रधान सेक्टर 11- 12 , जगदीश कालड़ा ,बाजार प्रधान गौरव लिखा, स्वर्गीय लकी शर्मा,विक्की बत्रा, जन आवाज सोसाइटी के काफी सदस्य जिसमें डीपी ग्रोवर , रंजीत भोला ,सरदार कवलजीत सिंह, अमित, नरेश गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे



2017 में तत्कालीन उपायुक्त चंद्रशेखर खरे द्वारा माल को सील करने का नोटिस दिया गया लेकिन सील करने से एक दिन पहले ही नोटिस को कैंसिल कर दिया गया जिससे पीड़ित होकर 2018 जोगिंदर स्वामी द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई हुडा विभाग उच्च न्यायालय को भी यह कहकर लगातार 5 सालों तक गुमराह करता रहा की इस पर कार्रवाई करना नगर निगम का कार्य है और उन्होंने यह सेक्टर नगर निगम के हवाले कर दिया है जिस पर नगर निगम द्वारा शपथ पत्र देकर यह कहा गया की हमारा कार्य देखभाल का है इस पर कोई कार्यवाही करना हमारे हद में नहीं है जिस पर माननीय हाई कोर्ट द्वारा हुडा विभाग पर 50000 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए तत्काल इस मामले में 7 दिसंबर 2023 तक कार्रवाई करने का आदेश दिया जिसमें संपदा अधिकारी हुडा सत्यवान मान द्वारा एंजेल मॉल को सील करने के बारे में उल्लेख सहित जवाब दायर करते हुए कहा गया कि एंजेल मॉल मल्टीप्लेक्स सिनेमा कंपलेक्स कमर्शियल उद्देश्य के लिए पास था जबकि लोअर ग्राउंड फ्लोर पार्किंग और सर्विस एरिया के लिए पास की गई थी लेकिन अब उसमें अवैध रूप से बैंकट हॉल चलाया जा रहा है वह नोंन कंपाउंडेबल है और इसी प्रकार साइट का नक्शा एक ही एंट्री और एक ही एग्जिट के लिए पास था जबकि ग्राउंड फ्लोर पर सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी साइड में एंट्री बना रखी है जो कि नियमों के विरुद्ध है इसी प्रकार सीढी और रैंप सेटबैक एरिया में बना ली गई जो की नोंन कंपाउंडेबल है इसी प्रकार एक शौचालय की जगह पर परिवर्तन करके दुकान बना ली गई जो की पूरी तरीके से नियमों की उल्लंगना है

फायर ब्रिगेड द्वारा जारी ठडउ को लेकर जवाब दायर किया गया कि लोअर ग्राउंड फ्लोर में कवर्ड एरिया केवल 450.65 स्क्वायर मीटर ही कवर किया जाना था जबकि मौके पर 2250 स्क्वायर मीटर बनता है जहां पर सेफ्टी एवं फायर विभाग द्वारा एनओसी जारी की गई वह नवकार बैंक्विट हॉल के लिए की गई थी जबकि रिकॉर्ड में डीएपी स्टेट प्राइवेट लिमिटेड की जगह है नवकार नाम का कोई भी नक्शा अनुसार स्वीकृति विभाग द्वारा जारी नहीं की गई और यह ठडउ पूरी तरह से गलत तरीके से जारी की गई और यह है लोअर ग्राउंड फ्लोर केबल पार्किंग और पब्लिक सुविधा के लिए है जिसमें 11.9 % ही कवर्ड एरिया होना था जिसको लेकर एंजेल प्राइम मॉल का आवंटन रद्द कर दिया गया

याचिका करता जोगेंद्र स्वामी ने कहा कि भ्रष्टाचार चाहे किसी भी प्रारूप में क्यों ना हो उसकी बलिवेदी पर हमेशा गरीब आदमी ही चढ़ता है जो पैसा गरीबों के कल्याण के लिए जाना चाहिए वह भ्रष्ट अधिकारियों और पूंजीपतियों की तिजोरी में बंद हो जाता है।

## हत्या कर नहर में फेंका युवक का शव, था लापता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। करनाल** में 25 साल के एक युवक की हत्या कर शव पश्चिमी यमुना नहर में फेंक दिए जाने का मामला सामने आया है। इस युवक का नाम सुमित था जो करनाल जिले के ही मुगल माजरा गांव का रहने वाला था। उसकी हत्या का शक गांव के ही कुछ युवकों पर है। दो दिन से पुलिस और गोताखोर पश्चिमी यमुना नहर में सुमित की बॉडी ढूंढ रहे हैं, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। सुमित के परिवार ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को शक के आधार पर उठाया और उन्हीं से पूछताछ में सुमित की हत्या का खुलासा हुआ है।

मुगल माजरा गांव में रहने वाले रमेश ने बताया कि 23 दिसंबर की रात को उनके बेटे सुमित के पास किसी का फोन आया। इस कॉल के बाद सुमित घर से बाहर चला गया। जब आधी रात तक सुमित वापस नहीं लौटा तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान घर और आसपास के सारे इलाके में ढूंढने पर भी सुमित का कुछ पता नहीं चल पाया। रमेश के मुताबिक 24 और 25 दिसंबर को भी परिवार ने अपने स्तर पर सुमित को ढूंढने की बहुत कोशिश की, मगर उसका कुछ पता नहीं चला। ऐसे में 26 दिसंबर को परिवार ने कुंजपुरा थाने में बेटे के लापता हो जाने की शिकायत दी।

## विधायक पंवार ने श्री हुजूर साहब गुरुद्वारा के लिए श्रद्धालुओं को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने सेक्टर-15 स्थित श्री गुरु श्री तेग बहादुर साहब गुरुद्वारा साहब में श्री हजूर साहिब सचखंड गुरूद्वारा साहब, नांदेड़ जाने वाले श्रद्धालुओं से मुलाकात की। इस दौरान श्रद्धालुओं को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना की।
विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह ने पवित्र गुरू ग्रन्थ साहब को पूरा किया तथा उन्हें गुरु रूप में प्रतिष्ठित किया। गुरु गोबिंद सिंह जी ने अन्याय, अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए और धर्म की रक्षा के लिए युद्ध लड़े। धर्म की रक्षा के



लिए समस्त परिवार का बलिदान किया, जिसके लिए उन्हें 'सरबंसदानी' (पूरे परिवार का दानी ) भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त जनसाधारण में वे कलगीधर, दशमेश, बाजांवाले, आदि कई नाम, उपनाम व उपाधियों से भी जाने जाते हैं। विश्व की बलिदानी परम्परा में अद्वितीय होने के साथ-आथ गुरु गोविन्द सिंह एक महान लेखक, मौलिक चिन्तक तथा सँस्कृत सहित कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे। उन्होंने स्वयं कई ग्रन्थों की रचना की।
उन्होंने सदा प्रेम, सदाचार और भाईचारे का सन्देश दिया। किसी ने गुरुजी का अहित करने की कोशिश भी की तो उन्होंने अपनी सहनशीलता, मधुरता, सौम्यता से उसे परास्त कर दिया। वे बाल्यकाल से ही सरल, सहज, भक्ति-भाव वाले कर्मयोगी थे। उनकी वाणी में मधुरता, सादगी, सौजन्यता एवं वैराग्य की भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनके जीवन का प्रथम दर्शन ही था कि "धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती है"।

## बिजली निगम को 3700 करोड़ के घाटे से उबारकर 2 हजार करोड़ के मुनाफे में लाए : बिजली मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । हरियाणा** के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य बिजली आपूर्ति के मामले में देश में दूसरे पायदान पर है। बिजली निगम जहां 3700 करोड़ रुपए घाटे में चल रहा था अब वह 2000 करोड रुपए मुनाफा में चल रहा है। यह प्रदेश के मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच की बदौलत संभव हुआ है।
बिजली मंत्री आज यहां पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।
श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश का लाइन लॉस 10 फीसदी से नीचे आना सरकार की बहुत बड़ी सफलता है। गांव के अंदर से गुजर रहे बिजली की हाई वोल्टेज के तारों के संबंध में बिजली मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस कार्य के लिए 161 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। किसी भी पार्क, जोहड़ या गांव के अंदर से गुजरने वाली हाई वोल्टेज की तारों को हटाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।
हरियाणा की जेल के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में जेल एवं बिजली मंत्री ने कहा कि कानूनी अधिकार पर बनी पार्लियामेंट की स्टैंडिंग कमेटी ने प्रदेश की विभिन्न जिलों का दौरा किया था इस कमेटी ने सभी पैमाने पर बेहतरीन व्यवस्थाएं बताई हैं। उन्होंने कहा कि कैदियों के व्यवहार में परिवर्तन के लिए अच्छे वक्ताओं के प्रवचन करवाए जाते हैं। प्रदेश की 11 नई जेल में पेट्रोल पंप खोले जाएंगे। यहां पर अच्छे व्यवहार वाले कैदियों की जिम्मेदारी लगाई जाएगी।

## रिटायर्ड प्रिंसिपल एवं टीचर संगठन ने बैठक कर उठाई मांगें

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस। हरियाणा** के रिटायर्ड प्रिंसिपल एवं टीचर संगठन की अहम बैठक स्थानीय डीएवी पीजी कॉलेज में हुई, जिसकी अध्यक्षता डा. डीआर चौधरी ने की। कोर्डिनेशन कमेटी की इस बैठक में कुल 25 रिटायर्ड प्रिंसिपल एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया।
मीटिंग में उपस्थित जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी के पूर्व प्राचार्य डा. आरआर मलिक ने कहा कि समय समय हमारी समस्याओं को लेकर सरकार एवं उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जाता रहा है।

## टाइम मैनेजमेंट ही है जीवन में सफलता की चाबी: कैप्टन नवीन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय बबैल में आज से शुरू किए गए सात दिवसीय एन एस एस कैम्प के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि कैप्टन नवीन मोर ने बच्चों को सफलता के टिप्स देते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन व समय प्रबंधन का विशेष महत्व बताया। उन्होंने बताया कि आज के युग में अगर कामयाबी पाना चाहते हो तो उसका एकमात्र रास्ता स्वयं अनुशासन व अच्छे समय प्रबंधन के बिना नहीं पाया जा सकता। अतः बच्चों को मोबाइल पर बेकार की चीजों में समय गवाने के बजाय उनका सकारात्मक उपयोग ही करना चाहिए। एन एस एस इकाई बबैल के कार्यक्रम अधिकारी अजेन्द्र कुण्डू ने बताया कि आज से विद्यालय में सात दिवसीय कैम्प की शुरूआत प्राचार्य अनिल कुमार के मार्गदर्शन में कई गयी है। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इस बार कैम्प की मुख्य थीम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत की रखी गयी है। कुण्डू ने बताया कि राज्य एन एस एस अधिकारी दिनेश कुमार व जिला कॉर्डिनेटर पानीपत सुनील मलिक के मार्गदर्शन में अब एन एस एस का उद्देश्य केवल बच्चों से शारीरिक कार्य करवाना नहीं रह गया है बल्कि उन्हें भविष्य के कुशल,चरित्रवान व जागरूक नागरिक बनाना है। साथ दिवसीय इस कैम्प में प्रतिदिन किसी न किसी बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्ति को आमंत्रित किया जाएगा।इस अवसर पर राजीव कुमार,अरुण मलिक, बलिंद्र अहलावत, मनीषा,कमलेश, आशमा आदि उपस्थित रहे।

## बिजली मंत्री ने ली जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल ।** बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में जनसुनवाई की। इस मौके पर पहले से ही निर्धारित 16 मामले सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से 11 मामले निपटाए गए। कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने बिजली मंत्री को मिठाई खिलाकर उनके जन्मदिन की बधाई दी।
इस मौके पर गांव सेहलंग निवासी राजपाल की सुनवाई करते हुए बिजली मंत्री ने कहा कि पीड़िता के परिवार को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता अगले वित्त वर्ष में दे दी जाएगी। इसमें



2.5 लाख रुपए वे खुद तथा 2.5 लाख रुपए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अपने कोटे से देंगे। राजपाल की पोती पायल की कुछ माह पहले बस में चढ़ते समय हुए हादसे में मौत हो गई थी। इस मामले में चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। मंत्री ने रोडवेज जीएम को निर्देश दिए कि वहां पर बस स्टॉप बनाया जाए।
गांव भालखी निवासी कुरड़ा राम की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बिजली मंत्री ने निर्देश दिए कि 3 नवंबर 2022 को प्रार्थी ने लोहे के पोल बदलने के लिए आवेदन दिया था। इस पर तत्कालीन एसडीओ ने एक साल तक कोई भी कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उन्हें तुरंत प्रभाव से चार्जशीट किया जाए।
गांव राजावास व राठीवास के सरपंच मोहित की शिकायत पर उन्होंने एडीसी की अध्यक्षता में जनपरिवेदना समिति के दो मेंबर को लेकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। सरपंच ने बताया था कि उनके गांव में पाइपलाइन डालते समय टाइल तोड़ी गई थी जो दोबारा नहीं लगाई गई। गांव देवास के सतवीर की शिकायत पर बिजली मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि आवेदक को उसकी जमीन पर सड़क बनाने के बदले दूसरी जमीन देने का केस तैयार किया जाए। दरअसल देवास से चितलांग जाने वाली सड़क सतवीर की जमीन से निकाल दी गई, जबकि इसके साथ लगती जमीन पर सड़क बनाई जानी थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्देश्य बहुआयामी: निर्मल बैरागी

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**हरियाणा पिछड़ा वर्ग** कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मल बैरागी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्देश्य बहुआयामी है और जहां-जहां यात्रा से संबंधित कार्यक्रम हो रहा है, वहां पर पात्र लाभार्थियों को उनके घर-द्वार पर ही सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस यात्रा में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब व पिछड़ा वर्ग के पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।
चेयरपर्सन ने शुक्रवार इन्द्री उपमंडल के गांव नागल व कमालपुर गडरियान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा प्रदेश के गांव-गांव में पहुंचकर सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के बारे लोगों को जागरूक करेगी। देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनता के सहयोग से देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।
उन्होंने कहा कि जिस तरह देश की आजादी हासिल करने के लिए सभी देशवासी एकजुट हो गए थे, ठीक उसी प्रकार से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को संगठित होना होगा। केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रही हैं। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में युवाओं का आह्वान किया कि वे देश की उन्नति में अपना विशेष योगदान दें।

## लिटल एंजल्स स्कूल में टेबल टेनिस कैंप का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में 67वीं स्कूल राष्ट्र स्तरीय टेबल टेनिस कैंप का शानदार समापन हुआ। इस कैंप का आयोजन 23 दिसंबर 2023 से 28 दिसंबर 2023 तक लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में हुआ। इस कैंप के दौरान हरियाणा के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन सभी खिलाड़ियों को टेबल टेनिस खेल का उच्च परीक्षण दिया गया ताकि वे भविष्य में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें और भारत देश का नाम रोशन कर सकें ।
समापन समारोह के अवसर पर जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सरोज बाला, जितेंद्र छिक्कारा



(डी.पी.सी.), लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल, अनिल हुड्डा (ए.ई.ई.ओ स्पोर्ट्स), अनिल कुमार (चीफ डी-मिशन), राकेश दत्त (टीम इंचार्ज), नरेन्द्र (टीम कोच), भारती बत्रा (टीम कोच) व विद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कैंप में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से 10 खिलाड़ियों (तनमयी शाह, मेहर, आराध्य, उदी बत्रा, कियारा, विवान, वत्सल, पार्श यादव, शौर्य व विक्रांत) ने भाग लिया।
सर्वप्रथम सभी सम्मानीय अधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया। खिलाड़ियों का जोश व उत्साह देखते ही बनता था। सभी चयनित खिलाड़ी इंदौर में 10 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय टेबल टेनिस कैंप में भाग लेंगे ।
विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी और भविष्य में बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या आशा गोयल व जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सरोज बाला ने सभी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है। हमें बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास से ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। सभी खिलाड़ी इस कैंप के आयोजन से काफी उत्साहित हैं और आगामी प्रतियोगिता में भी पदक प्राप्त करके हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# दो राज्यों की पुलिस कर रही मोची की तलाश

संसद की सुरक्षा में सेंधमारी के आरोपियों के लिए किसने बनाए स्पेशल जूते? संसद की सुरक्षा में सेंधमारी के आरोपियों के लिए किसने बनाए स्पेशल जूते?

**संसद की सुरक्षा**

**8 सागर के घर से एक जोड़ी जूते, जूते के सोल और जूते का आकार मापने के लिए एक रूलर को भी बरामद किया**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगानेवाले आरोपियों के जूते के छेड़छाड़ करनेवाले मोची की तलाश के लिए यूपी पुलिस से मदद मांगी है। आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी ने इन मोची से अपने जूते में स्मैक कनस्तर को फिट करने के लिए छेद किए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस मोची को मामले में गवाह बनाना चाहती है।

**सरकारी गवाह बनाना चाहती है पुलिस:** दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि सागर ने पहले खुद जूते बदलने की कोशिश की, लेकिन असफल होने पर उसने मोची से संपर्क किया, जो साइकिल से लखनऊ के आलमबाग गया था। दिल्ली पुलिस की एक टीम इस महीने की शुरूआत में मोची की तलाश के लिए लखनऊ गई थी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने घर के पास एक दुकान से 595 रुपये में दो जोड़ी जूते खरीदे और मोची से संपर्क किया, जो आलमबाग में आया था।

**अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी:** बता दें, 13 दिसंबर को 2001 के संसद आतंकवादी हमले की बरसी पर सागर और मनोरंजन ने दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए थे और स्मैक कनस्तर से पीला धुआं छोड़ा था। बाद में सांसदों ने दोनों को कब्जे में ले लिया था। मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**दिल्ली पुलिस जांच के लिए पहुंची लखनऊ:** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की एक टीम मोची की तलाश के लिए इस महीने की शुरूआत में लखनऊ गई थी, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सूत्रों ने बताया कि सागर द्वारा पूछताछ के दौरान किए गए खुलासे के आधार पर टीम ने आलमबाग में कई मोचियों से भी पूछताछ की।
उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस मोची को मामले में गवाह बनाना चाहती है और अब उसे ढूंढने के लिए लखनऊ के पुलिसकर्मियों की मदद ले रही है।

**कई सामान बरामद हुए:** सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान टीम ने लखनऊ के आलमबाग के रामनगर में सागर के घर से एक जोड़ी जूते, जूते के सोल और जूते का आकार मापने के लिए एक रूलर को भी बरामद किया।

## गणतंत्र दिवस की परेड से क्यों हटी दिल्ली-पंजाब की झांकी? हुआ बवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गणतंत्र दि**वस की परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर इस बार भी दिल्ली की झांकी नहीं दिखेगी। दिल्ली के साथ पंजाब की भी झांकी परेड का हिस्सा नहीं होगी। परेड से दिल्ली और पंजाब की झांकी रिजेक्ट होने के बाद अब सियासत भी शुरू हो गई है।

**सौरभ भारद्वाज ने बताया दुर्भावना से प्रेरित:** दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गणतंत्र दिवस समारोह में दिल्ली की झांकी को शामिल करने की स्वीकृति नहीं मिलने को दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की झांकी को केंद्र सरकार बार-बार रद्द कर देती है। उनके अनुसार भाजपा का यह कहना कि झांकी को स्वीकृति देना या ना देना झांकी के विषय पर निर्भर करता है, यह बयान ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि झांकी की थीम केंद्र सरकार देती है और इसको लेकर कोई प्रतियोगिता नहीं होती। केंद्र सरकार ने इस बार दिल्ली की झांकी की थीम 'विकसित भारत' दी थी। केंद्र के सुझाव पर झांकी में कुछ बदलाव भी किए गए थे। यदि कुछ और सुझाव दिए जाते तो उसमें भी बदलाव किया जाता। झांकी में दिल्ली के स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिक के मॉडल को दिखाया गया था।

**आप नेता सच्चाई स्वीकार नहीं कर रहे: बीजेपी**
वहीं, दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के आरोपों पर जवाब देते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आप के नेता सच्चाई स्वीकार नहीं कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रभुता, सम्मान और स्वाभिमान के दिन हैं, लेकिन छपास रोग से पीड़ित अरविंद केजरीवाल यहां पर भी राजनीति कर रहे हैं।

**झांकी रिजेक्ट होने का भाजपा ने बताया कारण:** वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि दिल्ली और पंजाब की झांकी रिजेक्ट होने का कारण यह था कि उसमें यह अपनी फोटो लगा रहे थे। वहीं, भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने कहा कि सौरभ भारद्वाज ने यह क्यों नहीं बताया कि उनका प्रपोजल क्यों रिजेक्ट हुआ।

# नीना सिंह पर है एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देशभर के** एयरपोर्ट और दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा का जिम्मा नीना गुप्ता पर आ गई है। इन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पहली महिला महानिदेशक नियुक्त किया गया है। नीना सिंह 1989 बैच की राजस्थान कैडर की आईपीएस ऑफिसर है। वह सीआईएसएफ में स्पेशल डीजी की पोस्ट पर भी रह चुकी हैं। वह महानिदेशक के पद पर अगले साल 31 जुलाई तक रिटायर होने तक बनी रहेंगी। नीना सिंह बिहार से ताल्लुक रखती हैं।
उन्होंने पटना महिला कॉलेज से भी पढ़ाई की। फिर वह जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी पहुंची। उन्होंने हॉवर्ड यूनिवर्सिटी से लोक प्रशासन में मास्टर की डिग्री हासिल की है। नीना सिंह राजस्थान की पहली महिला डीजीपी की पद पर रह चुकी है। साल 2000 में वह राज्य महिला आयोग की सचिव सदस्य भी नियुक्त हुईं।

**कई हाई प्रोफाइल केस से जुड़ी रहीं:** नीना सिंह नोबेल विजेता अभिजीत बनर्जी और इस्टर डुफ्लो पर आधारित शोध पत्र की सह-लेखिका भी रही हैं। उन्होंने थाने को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए साल 2005-2006 में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक प्रोजेक्ट पर काम कर चुकी हैं।
सीबीआई की संयुक्त निदेशक थी, तब उन्हें शीना बोरा मर्डर केस और जिया खान सुसाइड केस जैसे हाई प्रोफाइल मामले से भी जुड़ी रही। उन्हें अति उत्कृष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

# दिल्ली की झांकी शामिल नहीं, केंद्र सरकार ले रही बदला-सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गणतंत्र दिवस की परेड में दिल्ली की झांकी शामिल नहीं किए जाने को लेकर सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने इस पूरे मामले को लेकर प्रेस वार्ता करते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है। वहीं दिल्ली भाजपा सचिव बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए आरोप को सिरे से नकार दिया है। दिल्ली कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने केंद्र सरकार से कहा है कि साजिश के तहत झांकियों के लिए भेजे गए प्रारूप को अस्वीकार कर दिया गया। इस साल भी झांकी के लिए चुने गए राज्यों में से



अधिकतर भाजपा के शासन वाले राज्य हैं। उल्लेखनीय है कि झांकियां हर साल गणतंत्र दिवस परेड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लगातार तीसरे साल दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। साल 2022 में रिजॉल्व 75, साल 2023 में नारी सशक्तिकरण और 2024 में विकसित भारत थीम के तहत झांकी भेजी गई थी। उन्होंने आगे कहा कि झांकी के लिए टॉपिक भी केंद्र सरकार ही देती है। इस बार दिल्ली की झांकी की थीम 'विकसित भारत' दी गई थी। इसके तहत झांकी में दिल्ली के स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिक के मॉडल को दिखाया गया था। साथ ही केंद्र के सुझाव पर झांकी में बदलाव भी किए गए थे। यदि कुछ और सुझाव दिए जाते तो उसमें भी बदलाव किया जा सकता था। भाजपा नेत्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि आम आदमी पार्टी विशेषज्ञ समिति के फैसले पर राजनीति कर रही है।

# ईपीएफओ के दो अधिकारी समेत तीन लोग एक जनवरी तक पुलिस हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
महाराष्ट्र के नासिक जिले से रिश्वतखोरी के आरोप में गुरुवार को पकड़े गए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त, प्रवर्तन अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति को स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को एक जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दो लाख रुपये की रिश्वतखोरी के आरोप में इन तीनों को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने नासिक जिले के निवासी एक ईपीएफओ अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शिकायत पर दर्ज की थी। इसके बाद सीबीआई ने

**रिश्वतखोरी**

**8 केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दो लाख रुपये की रिश्वतखोरी के आरोप में इन तीनों को गिरफ्तार किया था**


ईपीएफओ के दो अधिकारियों और एक अन्य को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। सीबीआई ने नासिक में सात स्थानों पर तलाशी भी ली। इस दौरान नकदी और अनुचित लाभ के विवरण वाली डायरियां आदि सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।



राजधानी समेत पूरा उत्तर भारत लगातार घने कोहरे के आगोश में रहा। इसके साथ चली सर्द हवाओं के कारण बढ़ी ठंड से लोग ठिठुरते रहे। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते रहे तो रेल व विमान सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं।

# कैब ड्राइवर ने नहीं दी साइड तो स्कूटी सवार ने छाती में मारा चाकू, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रोड रेज में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात दक्षिणी दिल्ली के महरौली थाना इलाके में सामने आई है। स्कूटी सवार लड़कों ने कैब ड्राइवर के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अलग-अलग हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह वारदात महरौली थाना इलाके की कालूराम चौक के पास हुई है। प्राइवेट कंपनी में कैब चलाने वाला कल रात के समय गाड़ी लेकर वहां पहुंचा था। इस दौरान एक स्कूटी पर तीन लड़के




सवार थे। उन दोनों के बीच साइड को लेकर किसी बात पर बहस शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि फिर गाली गलौज होने लगा और फिर हाथापाई की नौबत आ गई। इसी बीच एक लड़के ने चाकू से कैब ड्राइवर के ऊपर हमला कर दिया। चाकू ड्राइवर के सीने में लगी और वह वहीं पर गिर गया। ड्राइवर के गिरते ही आरोपी लड़के वहां से भाग गए। पहले घायल ड्राइवर को नजदीक के हॉस्पिटल में ले जाया गया। फिर वहां से एम्स ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। महरौली में हुई हत्या के मामले में डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि मृतक की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम की एक कंपनी का कैब ड्राइवर था। कल शाम में उसने पांच इंप्लॉय को मालवीय नगर से और एक को महरौली से पिक किया था। उसके बाद वह जब महरौली से जा रहा था, तो उसकी कैब जाम में फंस गई। रात 8:40 बजे के आसपास तीन लड़के स्कूटी से वहां पहुंचे। उनकी स्कूटी कैब के पीछे थी। वह कैब ड्राइवर से साइड करने के लिए कह रहे थे। जिससे उसकी स्कूटी निकल सके और इसी बात को लेकर वह शुरू हुई थी। इस दौरान एक युवक उतरा और उसने ड्राइवर से झगड़ा किया और उसकी छाती में चाकू मार दिया। सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टर ने ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ पीसी यादव की देखरेख में पुलिस टीम ने मामले में छानबीन शुरू की।

## 'अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने से अदालतों को बचना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कुछ पुलिसकर्मियों के विरुद्ध एक सत्र न्यायाधीश द्वारा की गई टिप्पणियों को रद्द करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि अधिकारियों के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणी तब तक नहीं की जानी चाहिए, जब तक कि किसी मामले का फैसला करने के लिए यह आवश्यक न हो। साथ ही यह भी कहा कि ऐसा निर्णय करने से पहले अधिकारियों को बचाव का अवसर दिया जाना चाहिए।

# राघव चड्ढा नहीं बनेंगे उच्च सदन में अंतरिम नेता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद राज्य सभा में आप नेता का पद खाली है। इसे भरने के लिए पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राघव चड्ढा का नाम प्रस्तावित कर भेजा था। अब सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आम आदमी पार्टी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। जगदीप धनखड़ ने सीएम केजरीवाल को लिखा खत खबर है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीएम केजरीवाल को एक खत लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि यह मामला 1998 के 'द लीडर्स एंड चीफ व्हिप ऑफ रेकनाइज्ड पार्टीज एंड ग्रुप्स इन पार्लियामेंट एक्ट' के लिए है। सभी उसी कानून के तहत बनाए गए हैं।
आपकी रिक्वेस्ट मौजूदा कानून के तहत नहीं है इसलिए इसे अस्वीकार्य किया जा रहा है।
दिसंबर की शुरूआत में केजरीवाल ने रखा था ये प्रस्ताव इसी महीने की शुरूआत में अरविंद केजरीवाल ने जगदीप धनखड़ को राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप का नेता नियुक्त करने का प्रस्ताव भेजा था क्योंकि संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं।
जगदीप धनखड़ द्वारा केजरीवाल की याचना मानने से इनकार करने पर संजय सिंह अब उच्च सदन में पार्टी के नेता बने हुए हैं।

**प्रस्ताव खारिज**

**8 उपराष्ट्रपति धनखड़ को राघव को राज्यसभा में आप का नेता नियुक्त करने का प्रस्ताव भेजा था**

**11 अगस्त को किया गया था निलंबित:** आप सांसद को 11 अगस्त को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया था। वह अपने निलंबन को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया और 115 दिनों के बाद राघव का निलंबन रद्द कर दिया गया है।

# श्याम मीरा के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे गुरमीत राम रहीम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने शुक्रवार को यूट्यूबर श्याम मीरा सिंह के खिलाफ डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह द्वारा दायर शिकायत पर नोटिस जारी किया है। गुरमीत राम रहीम ने श्याम मीरा सिंह द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो को हटाने का निर्देश देने की मांग की है। जस्टिस शैलेंद्र कौर ने राम रहीम की याचिका पर यह नोटिस जारी किया है और शनिवार को अगली सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध किया है। याचिका में मीरा सिंह को अपलोड वीडियो हटाने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि यूट्यूब पर एक वीडियो डाला गया है जिसका शीर्षक है- कैसे राम रहीम ने अपने फॉलोअर्स को मूर्ख बनाया।

**नोटिस जारी**

**8 वकील ने कहा कि अपलोड वीडियो उनकी छवि को खराब करनेवाला और अपमानजनक है**

**पत्रकार ने वीडियो हटाने से किया इनकार:** यह वीडियो 17 दिसंबर का है। रहीम के वकील ने बताया कि हाई कोर्ट जाने से पहले श्याम मीरा सिंह को एक कानूनी नोटिस भी दिया गया था। वकील ने आगे कहा कि इसके बावजूद उसने वीडियो हटाने से इनकार कर दिया। वकील ने कहा कि अपलोड वीडियो उनकी छवि को खराब करनेवाला और अपमानजनक है।

**राम रहीम दुष्कर्म के आरोप में जेल में:** वकील की ओर से दलील दी गई कि श्याम मीरा सिंह एक अपराधी हैं और यूपी के मुख्यमंत्री का अपमान करने के आरोप में उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वकील ने दावा किया कि इससे पहले श्याम मारी सिंह एक समाचार चैनल में काम करते थे और उन्हें निकाल दिया गया था। बता दें, गुरमीत सिंह राम रहीम दुष्कर्म के आरोप में जेल की सजा काट रहे हैं।

# मोबाइल लूट का विरोध करना युवक को पड़ा महंगा..

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के महिंद्रा पार्क थाना क्षेत्र में मोबाइल छीनने का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ा। युवक के सीने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। एक दोस्त ने घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। घायल के दोस्त के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के मुताबिक 18 वर्षीय शुभम परिवार के साथ शालीमार स्थित सी ब्लाक में रहते हैं।
देर रात वह जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से गुजर रहा था, तभी कई बदमाश उनका रास्ता रोक खड़े हो गया। इस दौरान एक बदमाश ने शुभम से मोबाइल छीनने की कोशिश की, जिसका विरोध करने पर बदमाश ने शुभम के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। शुभम के दोस्त अनिल ने जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस इस पूरे मामले में सीसीटीवी का सहारा ले रही है।

# सीलबंद रिपोर्ट सौंपेगी एनएसजी, धमाके में केमिकल ब्लास्ट के इस्तेमाल की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इजराइली दूतावास के पास हुए धमाके की सील बंद रिपोर्ट एनएसजी दिल्ली पुलिस को सौंपेगी। धमाके में केमिकल ब्लास्ट के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। इसके लिए एनएसजी की टीम ने मौके से साक्ष्य इकाट्ठा किए थे।

**पत्तियों और मिट्टी के लिए गए नमूने:** एनएसजी टीम के शीर्ष अधिकारियों ने बताया कि धमाके की सीलबंद रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी जाएगी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, धमाके के घटक का अभी तक पता नहीं चल पाया है और इसलिए वे फोरेंसिक रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि एनएसजी और दिल्ली पुलिस की टीम ने बुधवार को घटनास्थल से पत्तियों और मिट्टी के नमूने एकत्र किए।

**टैक्सी चालकों से हुई गहन पूछताछ:**



धमाके के बाद पुलिस ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया। घटना से ठीक पहले वहां से गुजरने वाले लोगों से भी पूछताछ की गई। साथ ही पृथ्वी राज रोड और अब्दुल कलाम रोड से गुजरने वाले सभी टैक्सी और ऑटो चालकों से भी गहन पूछताछ की गई। अधिकारी ने बताया कि इजराइल दूतावास के पास खड़े एक सुरक्षा अधिकारी ने धमाके की आवाज सुनी थी। उसने कहा कि मैंने शाम करीब 5 बजे एक तेज आवाज सुनी। यह आवाज टायर फटने जैसी थी। मैंने एक पेड़ के पास धुआं उठता भी देखा। जांच में सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखाई दिए। हालांकि अधिकारियों ने इसमें दोनों की संलिप्तता की पुष्टि नहीं की है।

**धमाके बाद बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था**
बता दें कि दिल्ली पुलिस को मंगलवार को चाणक्यपुरी में इजरायली दूतावास के पास धमाके को लेकर पीसीआर कॉल मिली। हालांकि, पुलिस को मौके पर धमाके से जुड़ा ऐसा कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद दिल्ली में इजराइली दूतावास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई।

## स्कूल बस की वैगन आर कार से टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी जिले के साकेत में एक्सीडेंट का मामला सामने आया। जिसमें स्कूली बस और एक वैगनआर कार की टक्कर हो गई। यह टक्कर दिल्ली के पीवीआर अनुपम साकेत रोड पर हुई है। गनीमत यह रही की गलत दिशा से आ रही स्कूल बस की जब वैगन आर से टक्कर हुई तो उस वक्त स्कूल बस में ज्यादा बच्चा नहीं थे। वरना वे भी चोटिल हो सकते थे। टक्कर इतनी तेज थी वैगनआर के परखच्चे उड़ गए। कार ड्राइवर को चोट आई है, जिसे नजदीक के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। यह दुर्घटना आज सुबह 7:00 बजे के आसपास हुई है। जब स्कूल बस बच्चों को स्कूल छोड़कर आ रही थी। एक्सीडेंट की वजह गलत दिशा से जाने का कारण बताया जा रहा है। पीवीआर अनुपम के पास हुए एक्सीडेंट के मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि सुबह 7:34 पर पीसीआर कॉल मिली थी।

# ऑनसाइट आपदा ड्रिल का अभ्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के लिए दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 को पानीपत रिफाइनरी संयंत्र में विभिन्न विभागों के द्वारा हाइड्रोकार्बन गैस के खतरे एंव आग से निपटने की तैयारियों के सही आकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में ब्यूटीन-1 यूनिट के पम्प न॰ 32-PM-202 के सील से हाइड्रोकार्बन गैस के रिसाव को दर्शाया गया था। दोपहर 11.05 बजे पम्प न॰ 32-PM-202 सील से हाइड्रोकार्बन से हाइड्रोकार्बन गैस का रिसाव होना शुरू हुआ और थोड़ी देर बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 11.18 बजे अग्नि एंव सुरक्षा प्रभारी ने मुख्य सुरक्षा प्रबन्धक से चर्चा करके

**मॉक ड्रिल**

**8 आपातकालीन सायरन बजते ही फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियाँ साइट पर पहुँच गई**

आपातकालीन सायरन (एल-1) बजाने का आदेश दिया। 11.26 बजे जब हाइड्रोकार्बन का रिसाव तेजी से फैलने और आग लगने की घटना के बाद की गंभीरता को देखते हुये शुधांशु शेखर, मुख्य महाप्रबंधक ने इस घटना को एल-2 आपदा घोषित कर दिया। आपातकालीन सायरन बजते ही फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियाँ साइट पर पहुँच गई और ज्वलनशील पदार्थ के रिसाव पर काबू करने के लिए फायर मॉनिटर और वाटर कर्टन के माध्यम से आपातकाल नियंत्रण कार्य प्रारंभ किया। एम. एल. डहरिया , कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी को इस बारे में सूचना दी गई । उनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन करके लगभग एक घंटे के अथक प्रयास के बाद ठीक 12.20 बजे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण करके स्थिति सामान्य होने की घोषणा की गई। इस आपदा ड्रिल के बाद एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए आपातकालीन समन्वयकों द्वारा दी गई रिपोर्ट की समीक्षा डहरिया तथा संबन्धित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। डहरिया ने इस मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना करते हुए इसमें और अधिक सुधार लाने के लिए अपने मूल्यवान सुझाव भी दिए।

# मैक्स मैरी स्कूल में एथलेटिक प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## मैक्स मैरी स्कूल के चेयरमैन राजकुमार बत्रा, विद्यालय की प्रधानाचार्या ने किया शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**कुंडली के** मैक्स मैरी स्कूल में प्रथम बार वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता हुई। जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं के छात्र - छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सतपाल (जल सेना से सेवानिवृत्त) व सुरेश पीएम स्कूल के पीआरओ ने शिरकत की। मैक्स मैरी स्कूल के चेयर मैन राजकुमार बत्रा, विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु चेलानी द्वारा स्कूल का झंडा फहराकर तथा स्कूल के चारों हाऊस क्रेज, कंपेशन, हुमेलिटी और इंटेग्रीटी के झंडा रोहन द्वारा की गई। स्कूल कैप्टन ने आयोजन की शुरूआत खेल मैदान में मशाल परिक्रमा द्वारा की। सभी हाऊस के विद्यार्थी अपने - अपने हाऊस का मनोबल बढ़ाने हेतु कलरव कर रहे थे। विद्यालय के खेल के मैदान में कक्षा तीसरी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने 100 मीटर दूरी की दौड, 200 मीटर दूरी की दौड़, लंबी कूद, शॉट पुट (गोला फैक) आदि खेलों की प्रतियोगिताएं विद्यालय के मैदान में खेली गई। विद्यार्थियों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। प्रतियोगिता में

**वार्षिक प्रतियोगिता**

**8 स्कूल का झंडा फहराकर तथा स्कूल के चारों हाऊस क्रेज, कंपेशन, हुमेलिटी और इंटेग्रीटी के झंडारोहण द्वारा की गई**

अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता के बाद विजेता हाऊस को इनाम घोषित किया गया। अलग-अलग प्रतियोगिताओं के आधार पर हाऊस के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के चेयर मैन राजकुमार बत्रा ने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ- साथ खेलो की तरफ विशेष ध्यान दिया जाता है। खेल ही जीवन का आधार है। इसलिए जीवन में कोई न कोई खेल आवश्य खेलना चाहिए। खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा समाप्त किया गया। स्कूल की प्रधानचार्या ऋतु चेलानी ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग बेटी का हत्यारोपी पिता का थाना में समर्पण, पुलिस ने लिया दो दिन का रिमांड

**समालखा: गांव पट्टीकल्याणा में** अपनी इकलौती नाबालिग बेटी की गोलियां मारकर हत्या करने वाले प्रापर्टी डीलर पिता अनिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से अदालत ने उसे दो दिन के रिमांड पर भेजा है। समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार ने पत्रकारों को बताया कि अपनी 16 वषीर्या बेटी भावना पर ताबड़तोड़ गोलियां मार हत्या करने वाले अनिल ने थाना में आकर समर्पण किया ओर सारी घटना की जानकारी दी ।पुलिस के मुताबिक भावना दसवीं के बाद पढ़ाई नही करना चाहती थी लेकिन आरोपी पिता अनिल उसपर पढ़ाई का दबाव बना रहा था। इसी बात को लेकर बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे गुस्से में आकर अनिल ने अपनी नाबालिग बेटी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी ।वह खुद को भी गोली मारना चाहता था लेकिन उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर की गोलियां खत्म हो गई। सिर में गोली लगने की वजह से भावना ने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी पिता अनिल को समालखा अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड मांगा।

### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर आज



**गन्नौर: बाल भवन** बोर्डिंग स्कूल द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लायंस क्लब गन्नौर के सहयोग से किया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य जय गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर का शुभारम्भ गन्नौर के एसडीएम डा. निर्मल नागर करेंगे। शिविर बाल भवन ग्रूप आफ स्कूल की संस्थापक सदस्य स्वर्गीय कमलेश देवी की स्मृति में लगाया जाएगा। उन्होंने रक्तदाताओं से आह्वान किया कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी दुर्घटना में घायल की मदद करके उसके जीवन को बचाया जा सकता है।

### मिलनसार हंसमुख एवं धार्मिक विचारों के व्यक्ति थे लक्ष्मी नारायण महत्ता: रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। रोटरी** क्लब के प्रधान मुकेश मेहता के स्वर्गीय पिता लक्ष्मी नारायण मेहता की रस्म पगड़ी एवं शोक सभा का आयोजन स्थानीय करेलिया बाजार में स्थित बाबा जयरामदास धर्मशाला के प्रांगण में किया गया । श्रद्धांजलि सभा के दौरान भारी संख्या में श्रद्धांजली देने पहुंचे लोगो में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों द्वारा स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण मेहता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उनके ज्येष्ठ पुत्र मुकेश मेहता को समाज द्वारा पगड़ी पहना कर हमेशा परिवार के साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया और आशा की पगड़ी पर किसी तरह का दाग न लगे। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे तथा उनके धार्मिक विचार आज की युवा पीढ़ी के लिए अनुसरणीय माने जायेंगे ।

इस दौरान प्रवक्ता सुशील बिढ़ाट के द्वारा अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा भेजे गए शोक संदेश पढ़कर सुनाए गए और मंच संचालन करते हुए स्वर्गीय मेहता के जीवन परिचय से लोगों को अवगत करवाया गया।

### मानव मित्र मंडल ने तिगरी स्कूल में छात्रों को बांटी जर्सियां

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)मानव मित्र** मंडल कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ राम रतन शर्मा के मार्गदर्शन में तिगरी के राजकीय विद्यालय में कड़ाके की ठंड के दौरान मंडल की सहयोगी बबीता रानी की अध्यक्षता में जर्सी वितरण किया गया। मंडल के प्रवक्ता प्रवीण शर्मा ने बताया कि मंडल विगत 15 वर्षो से इस सेवा कार्य में लगा हुआ है ।मंडल के सभी सदस्य एवं शुभचिंतक अपना आर्थिक सहयोग निरंतर प्रदान कर रहे हैं। शीत ऋतु में आवश्यकता अनुसार बच्चों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना महान पुण्य का कार्य है।

# 'पीएम मोदी और सीएम मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला** परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने गांव वजीरपुर टिटाना में पंहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहरलाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है और यह उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ज्योति शर्मा ने कहा कि विकसित भारत



संकल्प यात्रा का लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस व नै क्शन दिए जा रहे हैं। लोगों की विभिन्न तरह की पैंशन मौके पर बनाई जा रही है व बैंक खाते भी मौके पर ही खोले जा रहे हैं। बीपीएल व अन्य राशनकार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है।

जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने इस मौके पर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई।

# डॉक्टर के हड़ताल के आह्वान पर स्वास्थ्य विभाग में 135 डॉक्टरों को तैनाती

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**हरियाणा** स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने आज से सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं को रोकने के हड़ताल के आह्वान को देखते हुए आमजन को निर्बाध रूप से स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए जिला में लगभग 135 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि जनता को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जिला में लगभग 135 डाक्टरों को तैनात किया है। इसमें 4 कन्सलटेंट व वरिष्ठ कन्सलटेंट, 5 एनएचएम के डाक्टर व 5 विशेषज्ञ डाक्टर, 4 डीपीआर डाक्टर, 30 आयुर्वेद्विक चिकित्सा अधिकारी और 91 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हैं। सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया कि किसी भी मरीज को अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज जिला नागरिक अस्पताल नारनौल ओपीडी में 697 मरीजों को देखा गया। इनमें 59 मरीजों को भर्ती किया गया, 32 महिला नलबन्दी, 1 पुरुष नसबन्दी की गई, तीन प्रसूति ऑपरेशन से की गई तथा इसके अलावा आपातकालीन सेवाएं सामान्य रूप से चलाई गई।

# "कब ग्रिटिंग प्रतियोगिता" में प्रथम स्थान प्राप्त करके पानीपत का नाम रोशन किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**हरियाणा राज्य** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स अंबाला केम्प में पानीपत जिले के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ददलाना -13993 के बच्चों ने मुख्य अध्यापक सतीश कुमार के नेतृत्व में " कब ग्रिटिंग प्रतियोगिता" में प्रथम स्थान प्राप्त करके पानीपत जिले का नाम हरियाणा राज्य में रोशन किया। मुख्य अध्यापक सतीश कुमार ने बताया कि यह कैम्प 26 दिसम्बर से 29 दिसम्बर के बीच चला जिसमे हरियाणा भर से 80 से अधिक स्कूलों के 400



से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमे पानीपत के ददलाना स्कूल के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त करके क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाया। इस कैम्प में ददलाना विद्यालय के मुख्य अध्यापक व कब मास्टर सतीश कुमार ने इस जीत का पूरा क्रेडिट राकेश बूरा मौलिक शिक्षा अधिकारी पानीपत, बिजेंद्र सिंह हुड्डा खण्ड शिक्षा अधिकारी पानीपत व सभी टीचर्स और बच्चों की मेहनत को दिया ।

# पूजित अक्षत की बृहस्पतिवार को प्रभात फेरी निकाली

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा: अयोध्या** स्थित श्री राम मंदिर से खरखौदा आए हुए पूजित अक्षत की बृहस्पतिवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी खरखौदा के थाना कलां रोड जागृति स्थल से शुरू होकर थाना चौक, ब्राह्मण दरवाजा, मैन बाजार, दिल्ली चौक से होते हुए ठाकुर जी की रसोई जय नारायण धर्मशाला खरखौदा में पहुंची। इस अवसर पर डा. अनिल दहिया ने बताया कि अब खंड के प्रत्येक गाँव के लिए एक अक्षत कलश का वितरण शुरू होगा। मंडल पालक डा. अनिल दहिया ने इस अवसर पर ये भी बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान राम मंदिर का उद्घघाटन होगा।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तरीय मात्सोगी-डू प्रतियोगिता हुई संपन्न

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में** राष्ट्रीय स्तरीय मात्सोगी-डू प्रतियोगिता करवाई गई। सेक्टर- 3, कुरुक्षेत्र किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागतम गीत प्रस्तुत किया गया। लगभग 18 राज्यों से विभिन्न आयु वर्ग के 900 विद्यार्थियों ने अपने-अपने कोच के साथ वहां आकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुभाष सुधा



जी, वशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय प्रधान परमिंदर सिंह बाठ स्पोर्ट्स एकेडमी इंडिया, प्रधान विरेंद्र रावत मात्सोगी डू हरियाणा , राष्ट्रीय प्रधान गुरदीप सिंह मात्सोगी डू, सौरभ चौधरी, अश्वनी जैन वशिष्ठ अतिथि इस अवसर पर मौजूद रहे। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से ही बच्चों में खेल भावना उत्पन्न होती है, जो आगे चलकर देश के लिए मेडल जीतने में सहायक सिद्ध होती है। विधायक सुभाष सुधा जी एवं विशिष्ठ अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया।

# 'हर एक व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करना यात्रा का उद्देश्य'



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल:** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को नारनौल खंड के गांव टहला व मुकुंदपुरा, नांगल चौधरी खंड के गांव बनिहाड़ी व नांगल नूनिया, कनीना खंड के गांव रामबास व पड़तल तथा महेंद्रगढ़ खंड के पल्ह व पाल गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

गांव टहला, मुकुंदपुरा, बनिहाड़ी व नांगल नूनिया में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं रामबास व पड़तल में अटेली विधायक सीताराम यादव तथा पाल में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।पल्ह में मंतीदेवी सरपंच ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हर एक व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार यह यात्रा चलाई हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालय में न जाने के कारण सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सरकार अब घर द्वार पर ही लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है।

अटेली विधायक सीताराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े 9 साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मनोहर-मोदी की डबल इंजन की सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है।

# टेंडर अलॉट होने के बाद मंडी में निर्माण कार्य शुरू हुआ

## 537 एकड़ में बनने वाली अंतरराष्ट्रीय फल, फूल एवं बागवानी मार्केट का के निर्माण पर 2595 करोड़ रुपये खर्च होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**राष्ट्रीय राजमार्ग-44** पर स्थित अंतरराष्ट्रीय फल एवं फूल सब्जी बागवानी मार्केट की 11 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंडी में निर्माण कार्य को लेकर आधारशिला रखी 537 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय फल, फूल एवं बागवानी मार्केट का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। इसके निर्माण पर 2595 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बागवानी मार्केट को विकसित करने के लिए हैदराबाद की नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर आवंटित कर दिया गया है। यह मार्केट एशिया की सबसे बड़ी मार्केट होगी। हरियाणा

**टेंडर आवंटित**

**8 विकसित करने के लिए हैदराबाद की नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर आवंटित कर दिया गया है**

इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मार्केट का निर्माण दो साल में पूरा कराया जाएगा। इसके बाद मार्केट में रौनक लगनी शुरू हो जाएगी. यहां पर देशभर के 14 राज्यों से माल पहुंचेगा। मंडी में निर्माण का काम देख रहे मार्किटिंग बोर्ड के एक्सईन सुभाष ने बताया कि मंडी में अब काम जोरो पर चल रहा है।

**2595 करोड़ है योजना का बजट:** 537 एकड़ में एशिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय फल, फूल एवं बागवानी मार्केट का निर्माण होगा. मार्केट परिसर में पानी निकासी के लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), कूड़ा प्रबंधन के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट (एसडब्ल्यूएमपी) व पेयजल की सुविधा के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) बनाए जाएंगे. साथ ही मार्केट परिसर में 17 शेड बनाए जाएंगे व वाहनों के लिए पार्किंग व वर्कशॉप बनाई जाएगी. बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पांच बिजली घर बनाए जाएंगे. इस पर 2595 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. मार्केट को विकसित करने के लिए जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा. वाहनों की **मरम्मत के लिए वर्कशॉप का होगा निर्माण:** बागवानी मार्केट में 17 बड़े शेड बनाए जाएंगे. इनमें पूरी तरह वातानुकूलित फूल मार्केट व फिश मार्केट बनाई जाएगी. इसके अलावा सेब का शेड, प्याज का शेड, टमाटर, आलू समेत डेयरी उत्पाद, फूल, फल व सब्जियों की मार्केट, किसान बाज़ार के लिए अलग शेड की व्यवस्था होगी।

# फरियादी महिलाओं की आर्थिक मदद को आगे आए जेजेपी जिला प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

नारनौल। जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा ने जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक में अनुकरणीय मिसाल पेश की है। हुआ यूं कि जब जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक चल रही थी, तब मोहल्ला बड़का कुआं की दो महिलाएं सास-बहू समिति के चेयरमैन एवं बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला के सम्मुख प्रस्तुत हुई। महिलाओं ने बताया कि उनके घर के ऊपर से बिजली की 11 हजार केवी लाइन गुजर रही है और इससे उनको हमेशा खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि गत 23 दिसंबर को जब वह छत पर कपड़े सूखा रही थी, तब कपड़े सूखाते वक्त गिले कपड़े तारों को छू गए, जिससे उन दोनों को करंट लग गया। इस करंट में वह झुलस गई तथा चोट भी लगी। महिलाओं की पीड़ा सुनने उपरांत बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने लाइन बदलने के आदेश तो दिए ही। साथ में उन्होंने मौजूद सदन से मानवीय आधार पर सामाजिक संगठनों एवं संपन्न लोगों से मदद करने की अपील भी की। जब भरी मीटिंग में कोई आगे मदद को आगे नहीं आया,

तभी जेजेपी जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा खड़े हुए तथा उन्होंने पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया और यह भी कहा कि वह करंट से झुलसी महिलाओं का उपचार अपने अस्पताल में करने को तैयार हैं।

# संगठन को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस ने कसी कमर: जेके डाबर






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे है, वैसे-वैसे सभी पार्टियों की मीटिंग का दौर भी जोरों पर है। इसी कड़ी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 में कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। कमेटी का आयोजन संगम पार्क ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व मॉडल टाऊन वार्ड नंबर-68 से पूर्व कांग्रेस निगम प्रत्याशी जे. के. डाबर के निवास पर आयोजित की गई। इस मौके पर जेके डाबर ने कहा कि कांग्रेस बस एक पार्टी नहीं है बल्कि विचारधारा है, जोकि आमजनों के हित की लड़ाई लड़ने में हमेशा से ही आगे रही है। उन्होनें यह भी कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा से ही सभी तबके के लोगों के हितों को सुरक्षित रखते हुए देशहित में कार्य किया है।
**यह लोग रहे मौजूद:** कमेटी की बैठक के दौरान ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर घनश्याम, राहुल, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, चांदनी चौक शहर जिला कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर सुखबीर शर्मा, जिलाध्यक्ष मिर्जा जावेद अली, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश



जैन, जिला उपाध्यक्ष विनोद वाधवा, विजय मेहता, महामंत्री रमेश चंद जैन, राजेश बंसल, जिला सचिव रविंद्र दूबे, रमेश चंद शर्मा, सुरेश बजाज, पूर्व जिला सचिव डॉक्टर जियालाल चौब, जिला सचिव अमित वाधवा, जिला सचिव व पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड नंबर 67 संगम पार्क से मनोज कुमार मछला, कमला नगर वार्ड नंबर-69 से कांग्रेस प्रत्याशी आशिमा गांधी, मोहसिन सुलेमान, मॉडल टाऊन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय सहगल, कमला नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गांधी, मॉडल टाऊन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता,आनंद गोयल, राहुल वाधवा, प्रवीण कुमार अरोड़ा, बलबीर सिंह, राजकुमार गुप्ता, श्यामलाल शर्मा, राजू शर्मा, राम अवतार शर्मा, हरी सिंह, राजीव गुप्ता, दीपक आनंद, देवराज सिंह चौधरी, अजय सिंह, सुनील सिंह, टिंकू ठाकुर, जोगेंद्र, धर्मपाल, लीला देवी, प्रकाशचंद, परमेश्वर कुमार, नरेश कुमार लूंबा, नरेंद्र, खान पुरी, भूषण मंडल, शंकरदास, मनीष बेदी, सपना, अधिवक्ता राजेश कुमार टांक, पुरुषोत्तम कुमार, प्रिंस दूबे, शुभम मिश्रा सहित पार्टी के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष बनने पर अनिल यादव को लोगों ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** द्वारा दिल्ली में सभी मोर्चो की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में जिला चांदनी चौक भाजपा पूर्वांचल मोर्चा का जिला अध्यक्ष अनिल यादव को बनाया गया है।
जिला अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व लोगों ने अनिल यादव को बधाई दी।
इस अवसर पर नवनियुक्ति जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि मैं सबसे पहले भाजपा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा



**जिला अध्यक्ष ने कहा**

8 जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

कि जो जिम्मेवारी मुझे आज सौंपी गई है, उसे मैं कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाऊगां और भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूगां। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।
उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है।
यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।


बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद जोगिंदर बंटी राणा, आप नेता सुरेश शर्मा और रमेश शर्मा भलस्वा लैंडफिल साईट पर खत्ता हटाने के कार्य का निरीक्षण करते हुए।

# जहांगीरपुरी में हो रहा है श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित के ब्लॉक में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने कार्यक्रम में शिरकत की। अजीत यादव ने बताया कि आज बड़े ही भव्य रूप में तृतीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी को कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतराना चाहिए और हमेशा ही बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए और जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है। उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। इसलिए सभी सत्य का साथ दें। कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानन्द राधेय् जी महाराज ने अपने मधुर स्वर में श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन किया। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण करता है। उसके कष्ट दूर होते है। इसलिए सभी सत्य का साथ दे। इस मौके पर वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, सतीश कुमार उपस्थित रहे।


भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर व अन्य।

## सभी को पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए: पूनम वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सभी** को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उक्त बातें समाजसेविका पूनम वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम गरीब की सहायता करें।

# दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने धीमी नहीं होने दी विकास की गति: आर.डी. खान

**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली**
**देश** की राजधानी दिल्ली में आम आदमी की सरकार आने से पहले दिल्ली में विकास ने नाम पर बस वोट मांगे जाते रहे थे, लेकिन विकास धरातल से कोसों दूर रहा था।
लेकिन दिल्ली में जब से केजरीवाल सरकार आई तभी से दिल्ली में विपक्षी पार्टियां भी विकास के नाम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। आम आदमी पार्टी से सुल्तानपुर माजरा विधानसभा के उपाध्यक्ष



रीयाजूद्दीन खान ने कहा कि विपक्ष जो आज बिजली, पानी और विकास की बात कर रही है, यह बदलाव आम आदमी पार्टी की वजह से है।
**आप ने राजनीति को विकास के बिंदु पर केंद्रित कर दिया है:** आप की सरकार ने वह काम किया जो कभी कोई सोच नहीं सकता था।
उन्होनें यह भी कहा कि पहले की सरकार में गरीब के बच्चे को अच्छी शिक्षा तक नहीं मिलती थी, लेकिन केजरीवाल सरकार में सरकारी स्कूल भी प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बना दिए है। खान ने कहा कि पिछलें 70 साल में किसी ने स्कूल और अस्पताल ठीक करने की नहीं सोचा, लेकिन केजरीवाल सरकार ने इतना कुछ ही साल में कर दिखाया है।
आरडी खान ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक के लिए। नीदरलैंड के पीएम, यूएन के महासचिव आए और मोहल्ला क्लीनिक देखकर गए।
वह मोहल्ला क्लीनिक के मुरीद हुए। पूरी दुनिया में दिल्ली में काम की बात होती है। यही कारण है कि हर एक व्यक्ति आम आदमी पार्टी से जुड़ना चाहता है।

# मॉडल टाउन में ध्वजारोहण कर मनाया गया कांग्रेस का स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** पार्टी के 138वें स्थापना दिवस को कांग्रेस ने देशभर में बहुत ही जोरों-शोरों से मनाया गया।
इस दौरान पार्टी के छोटे से कार्यकर्ताओं सहित शीर्ष नेताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।
इसी बीच मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कमेटी ने पार्टी का 138वां स्थापना दिवस मनाते हुए ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष संजय सहगल कि अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर संजय सहगल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो देश के सभी तबको को साथ लेकर चलती है, हमारी पार्टी के मन व विचारों मे किसी भी प्रकार का कोई द्वेष नहीं है। संजय सहगल ने इस मौके पर सभी देशवासियों का आभार व्यक्त




करते हुए शुभकामनाएं भी दी।
**ये लोग रहे मौजूद:** पार्टी के 138वें स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम ब्लॉक अध्यक्ष संजय सहगल, प्रीतम गुप्ता, नरेश अग्रवाल, अनिल मित्तल, अशोक गुप्ता, राम किशोर गोयल, प्रोफेसर बिजेन्द्र शर्मा, राजीव भाटिया, रमेश जैन, विजय मेहता, शिव शंकर नरूला, संजीव शर्मा, जोशी, विरेंद्र, आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता, विनोद वधवा, राहुल वधवा, एसबी गोयल, राजू साकेत, प्रेम अग्रवाल, सुमित गुप्ता, राम कुमार, संजय जैन, अमित वधवा, हरीश चौधरी सहित मॉडल टाउन ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवध किशोर त्रिपाठी बने भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जिला उत्तर-पश्चिम भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर अवध किशोर त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे दिल्ली प्रदेश के उत्तर पश्चिम जिला पूर्वांचल मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि मैं पार्टी को भरोसा दिलाता हूं कि मैं भाजपा की नीतियों व कार्यों को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक पूर्वांचलियों को भाजपा से जोड़ने का कार्य करूगां।



उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के राज में देश तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। देश के लोग नई-नई योजनाओं से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

# ज्ञान के साथ संस्कार देने का केंद्र बने शिक्षण संस्थान: औमप्रकाश धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
शिक्षण संस्थान ज्ञान के साथ साथ अच्छे संस्कार देने का केंद्र बनें। नैतिक रूप से श्रेष्ठ होना ही भारतीयता की पहचान है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने शुक्रवार को माछरौली डाइट में शिक्षा में नैतिकता विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना वक्तव्य रखते हुए कही। धनखड़ ने कहा कि मनुष्य को जीवन में संस्कार परिवार, शिक्षण संस्थान और सामाजिक संस्थाओं से मिलते हैं। संस्कार यानि पक्का विचार जो व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाए। शिक्षक छात्रों के लिए रोड मॉडल होते हैं इसलिए



शिक्षक का अच्छा आचरण छात्र के जीवन पर प्रभाव छोड़ता है। सरकार ने शिक्षकों सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नैतिकता की शिक्षा देने के लिए कर्मयोगी योजना शुरू की है। डाइट में आज यहां शिक्षक कर्मयोगी की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। दुनिया बड़ी तेजी से बदल रही है इसलिए शिक्षकों को भी अपडेट रहना चाहिए। जीवन में सीखते रहने से ही जीवन में नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ता है।

धनखड़ ने कहा कि यही नैतिकता है कि व्यक्ति को बड़ा दायित्व मिलने पर न्याय करना चाहिए। इससे अच्छी व्यवस्था बनेगी और नैतिकता आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि संस्कार का अर्थ है पक्का विचार । संस्कार व्यक्ति के आचरण और व्यवहार को नियंत्रण करते हैं। पक्का विचार है कि अपने से बड़ों का सम्मान करें, पक्का विचार यानि संस्कार परिवार, आस-पास के माहौल और शिक्षण संस्थानों व संस्थाओं से मिलते हैं। विशेषकर स्कूलों में मिलने वाली शिक्षा से छात्र जीवन में कई पक्के विचार मिलते हैं। बच्चों को बड़ा ध्येय और बड़ा लक्ष्य तय करने की शिक्षा दें, पढ़ने की आदत डालें, दुनिया तेजी से बदल रही है इसलिए उनको तकनीक के साथ अपडेट रहने की आदत डालें। धनखड़ ने कहा कि छात्रों को अपना श्रेष्ठ देने और दूसरे का श्रेष्ठ लेने की बात सिखाएं। शिक्षक अगर छात्रों को अच्छे संस्कार देंगे तो निश्चित रूप से छात्र उक्त शिक्षक को ताउम्र याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस से उनको पक्के विचार मिले कि मानवता की सेवा करनी चाहिए। आरएसएस की शाखाएं, गुरूकुल और परिवार अच्छे संस्कार प्राप्त करने के केंद्र हैं।

भाजपा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में अपने विचारों और भावनाओं का प्रबंधन आना चाहिए।

# सीताराम जय हनुमान के जयकारों से गूंजेगा पूरा जीटी रोड कुंडली श्री अग्रसेन धाम : राजेंद्र अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया/कुंडली :**
माता महालक्ष्मी वरदान श्री अग्रसेन धाम के नवनिर्माण शिलान्यास एवं अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष में शनिवार 30 दिसंबर को पूरा कुंडली भगवान श्री राम जय हनुमान के जयकारों से गूंजेगा ' धाम के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हम सभी का सौभाग्य है कि पूरा भारत राममयी होकर सजेगी और हर व्यक्ति जय श्री राम- जय श्री राम बोलेगा '

जिसे पूरी दुनिया देखेगी ' श्री अग्रवाल ने बताया कि भारत के पूज्य महान संतों के परम सानिध्य में मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री हरियाणा के ओ एस डी



वीरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक नील दमन खत्री, विधायक महेंद्र गोयल, भाजपा वरिष्ठ नेता जय भगवान गोयल, राई के विधायक मोहनलाल बडोली,हजारों बच्चे व भगवान श्री राम के भक्त सुबह 9 बजे से श्री बालाजी हनुमान चालीसा के 21000 पाठ करके पूरे महोत्सव को राम भक्त कुंभ में तब्दील कर देंगे ' श्री अग्रवाल ने बताया कि इस पूरे अनुष्ठान में सोनीपत,राई,कुंडली के कई स्कूल, पूरी शाखा टोली, व समस्त कुंडली परिवार का विशेष सहयोग रहेगा ' आचार्य श्री रामचंद्र बोहरे जी के नेतृत्व में भक्ति सुनील कौशिक भगवान श्री राम बालाजी हनुमान जी को महाप्रसाद भंडारा अर्पण करेंगे ' गायक प्रिंस जैन,शुभम रिठालिया अपनी मधुर वाणी से भगवान श्री राम बालाजी हनुमान चालीसा के पाठ करेंगे

' आयोजक समिति ने समस्त क्षेत्र वासियों से अपील की है कि वह सभी भगवान श्री राम बालाजी हनुमान के इस पवित्र अनुष्ठान में शामिल होकर भगवान श्री राम की अनुकंपा प्राप्त करें ' पूरी व्यवस्था को आरके शर्मा,संजय शर्मा,गौरव जी, प्रमोद जिंदल, अनुज जी, व समस्त शाखा टोली विशेष रूप से देख रही है '

## संक्षिप्त खबरें

### धुंध व कोहरे को लेकर फरीदाबाद पुलिस की एडवाइजरी-

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने सर्दी में पडने वाली धुंध व कोहरे के दौरान सुरक्षित सफर व सड़क हादसों को रोकने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात एडवाइजरी जारी की है। कोहरे के मौसम में सफर के दौरान सावधानी रखने से वाहन चालक ना केवल स्वयं कि बल्कि अन्य वाहन चालकों को भी सुरक्षित रख सकता है। यातायात पुलिस के द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। अभियान इंस्पेक्टर सतीश कुमार टीआई ग्रेटर फरीदाबाद के नेतृत्व में मुख्य सिपाही कासीम, एचजीएच विनोद के साथ आर अस ओ वाईस प्रजीडैन्ट अस के शर्मा सतीश चंदीला, सतीश कपुर, कुलदीप भाटिया, बी के मण्डल, सन्जीव भाद्धवाज, सन्दीप चन्देला, कुनाल चन्देला व अन्य ने अभियान में भाग लिया है। इस अभियान में 210 वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर लोगों को जागरुक किया है। वर्तमान को व आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो सकती है। जिसमें विजिविलिटी काफी (0-5 मीटर) कम हो जाती है ऐसे में सभी वाहन चालकों को सड़कों पर वाहन चलाते समय अत्यधिक सावधानी व सतर्कता रखनी होगी। वाहन चालक स्पीड का विशेष ध्यान रखते हुए वाहन को धीमी गति से चलाएं। खराब मौसम के दौरान सड़क पर सफर के दौरान वाहन चालक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की लो-बीम लाइट, हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित पार्किंग इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। कोहरे में विजिविलिटी कम होने पर वाहन के पार्किंग इंडिकेटर ऑन रखें। हेड लाइट का कम प्रयोग करे क्योकि कोहरे में हेड लाइट ऑन करने पर रिफ्लेक्शन के कारण सड़क पर सामने कम दिखाई देता है। इस लिए लो-बीम लाइट का प्रयोग करे। वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लाइट व रिफलेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं। धुंध व कोहरे के दौरान सड़क पर चलते हुए वाहनों के बीच उचित दुरी बनाकर रखे।

मोबाइल फोन व म्यूजिक का उपयोग करने से बचें, तथा बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें ताकि जो दिखाई न दे सके उसे सुनकर यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। खराब मौसम में आपात परिस्थितियों में वाहन को रोकना हो तो जहां तक संभव हो वाहन को सड़क से नीचे उतारकर रोका जाए। अगर वाहन चालक मामूली सावधानी भी बरतें तो कोहरे में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से आमजन को बचाया जा सकता है।

### मानव रचना में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2023 में दिखी प्रतिभा, छह श्रेणियों में विजेताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2023 का सफल आयोजन हुआ। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के इनोवेशन सेल (एमआईसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और˜4˜ की एक ओर से कराई गई इस प्रतियोगिता में देशभर से शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने उन्नत तकनीकों और नवाचार के साथ विभिन्न मंत्रालयों से प्राप्त हुई समस्याओं के समाधान पेश किए। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जहां बतौर मुख्य अतिथि एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) टीजी सीताराम, विशिष्ट अतिथि एआईसीटीई वाइस चेयरमैन डॉ. अभय जेरे सहित एमआरईआई अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला, एमआरईआई उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, एमआरआईआईआरएस उप कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजय श्रीवास्तव, उपकुलपति एमआरयू आईके भट शामिल रहे थे। वहीं समापन समारोह में एआईसीटीई से श्री योगेश वधावन, श्री सौरभ नागपाल और श्री शांतनु के साथ ही परिमुख इनोवेशन से डॉ. बीएस गिल और मेकरशाला से श्री मोहित बहल सहित संस्थान के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसईटी) की एसोसिएट डीन डॉ. गीता निझावन, मानव रचना इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर (एमआरआईआईसी) के निदेशक डॉ. उमेश दत्ता और उप निदेशक डॉ. अभिरुचि पासी उपस्थित रहे।

# सिर्फ चिन्तन करके ही प्रभु के समीप आया जा सकता है- मुरारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद. भागवत कथा में कथा व्यास परम श्रद्वेय श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव,श्री राम अवतार के बारे में भक्तों को विस्तृत रूप से बताया।

उन्होनें बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की ख्याति सर्वाधिक है। यहां तक की बड़े बड़े देवता,ऋषि मुनि सभी उनके गुणों का बखान करते है। भगवान श्रीकृष्ण सभी कारणों के कारण है उनका कोई कारण नहीं है।

# सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोग ले रहे हैं लाभ : नरेंद्र गुप्ता

जनसंवाद कार्यक्रम

**8 विधायक नरेंद्र गुप्ता ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम शिरकत**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के घर द्वार पर खुशहाली लेकर गांव-गांव पहुंच रही है। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और मौके पर ही उनका निवारण किया



जा रहा है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम में अंबेडकर पार्क और बाल्मिकी पार्क सेक्टर 18 में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जहां विधायक नरेंद्र गुप्ता ने लाभार्थियों को गैस सिलेंडर और चूल्हा भेंट कर लोगों संग जन संवाद भी किया। वहीं उपस्थित लोगों विकसित भारत संकल्प शपथ दिलवाते हुए भागीदारी सुनिश्चित करने आह्वान किया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहाकि मोदी जी जो कहते है उससे पूरा भी करते है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के माध्यम से मोदी जी ने सरकारी विभागों और सरकार को आपके बीच भेजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है की समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को उठाया जाए ताकि वह गरीबी रेखा से बाहर आए। इसके लिए अनेको प्यार को जनकल्याणकारी योजनाएं सरकार द्वारा चलायी गई है। मोदी जी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हम सब मिलकर विकसित भारत बनाने में सहयोग करेंगे। हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग का कल्याण हो रहा है और वास्तविक लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। गरीब धन के अभाव में इलाज से वंचित न रहे इसलिए आयुष्मान भारत चिरायु योजना लागू की है। इसके तहत, सालाना 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा प्रदान की गई है।

हमारा संकल्प-विकसित भारतह्न की दिलाई गई शपथ :-
विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

स्टॉलो का किया अवलोकन :
विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया और नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए।।

# अमरगढमझाडा स्कूल में रॉयल क्लब ने छात्रों को बांटे गर्म स्वेटर, जूते व मिठाई

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों द्वारा देश व धर्म के लिए दी कुबार्नीयों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सर्दी से बचाव हेतु राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों को जर्सी जूते व जुराब दिए गए। यह पुनीत कार्य विधायक थानेसर श्री सुभाष सुधा की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। उन्होंने उक्त संस्था द्वारा की जा रही निस्वार्थ समाज सेवा की प्रशंसा की। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर इंदू कौशिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित



किया।मंच संचालन अमित मलिक द्वारा किया गया
इस अवसर पर केडीबी के पूर्व सदस्य सौरभ चौधरी, एसडीओ जोगेंद्र खामरा, अनिल शर्मा,जगमोहन क्वात्रा दिनेश वर्मा ,विनीत वधवा ,विंकल गुप्ता ,मनीष बजाज ,नवीन धमीजा ,दिवाकर हांडा ,पवन कामरा ,अमित अरोड़ा ,तनुज काठपाल व विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने अपनी निष्काम सेवाएं दी।

# वॉलीबॉल मैच के माध्यम से नशे के दुष्परिणा के संबंध में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत थाना प्रबंधक धौज प्रभारी सत्यवान की टीम पुलिस के द्वारा गांव पावटा व सिरोही में खेल प्रतियोगिता के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणा के संबंध में जागरुक किया है। पहली खेल प्रतियोगिता गांव पावटा, पाखल, मोहबताबाद के युवाओं के बीच कराई गई थी।
दुसरी खेल प्रतियोगिता गांव सिरोही में भी सिरोही और खोरीजमालपुर के युवाओं के बीच कराई गई।

# मडलौडा तहसील को मिलेगी नई बिल्डिंग

## मुख्यमंत्री मनोहरलाल का राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
मडलौडा तहसील में एक ही छत के नीचे राजस्व से जुड़े काम होंगे और लोगों को रजिस्ट्री, इंतकाल व अन्य कार्यो के लिए एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके लिए मडलौडा तहसील की नई बिल्डिंग साढ़े तीन एकड़ी में बनाई जाएगी। जिसके लिए राजस्व विभाग की ओर से एक करोड़ 41 लाख 50 हजार रुपए लोक निर्माण विभाग को दिए जा चुके हैं।
राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल का धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया है।
पंवार ने बताया कि उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री से कई बार अनुरोध किया था कि मडलौडा के लोगों को राजस्व के कार्यो के लिए तहसील में आना पड़ता है। तहसील में कम जगह होने के कारण उन्हें परेशानी होती है। मुख्यमंत्री ने उनकी इस मांग को मंजूर किया है।
पंवार ने बताया कि मडलौडा तहसील की नई बिल्डिंग सीएचसी के सामने बनाई जाएगी। शीघ्र ही इसकी टैण्डर प्रक्रिया शुरू होगी और निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसराना हल्के में विकास कार्यो में कोई भी कोर कसर नही छोड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री के समक्ष जो भी मांग हल्के के लोगों की ओर से रखी गई है वह सभी पूरी की जा रही है।
राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने बताया कि इसके साथ-साथ मडलौडा में मार्केट कमेटी की नई बिल्डिंग का काम निमार्णाधीन है। इसके लिए भी उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय की नई बिल्डिंग भी शीघ्र ही बनाई जाएगी। इसके लिए भी स्वीकृति आ चुकी है। उन्होंने इसके लिए भी किसान एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली और मुख्यमंत्री का धन्यवाद जताते हुए कहा कि इससे यहां के लोगों और चुने हुए गांव के प्रतिनिधियों को एक ही छत के नीचे काम करवाने का मौका मिलेगा और लोगों को इधर-उधर धक्के नही खाने पड़ेंगे।

# प्ले स्कूलों ने किया पंजीकरण करवाना शुरू : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्ले स्कूलों ने पंजीकरण करवाना शुरू कर दिया है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा सरकार के पास प्ले स्कूलों की पंजीकरण करवाना अनिवार्य हो गया है। जिला फरीदाबाद में चल रहे निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण करने की श्रृंखला में दो प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण नम्बर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू



श्योराण व परियोजना अधिकारी सुशीला सिंह और विकल ने विभाग की और से जिले में निजी/प्राइवेट प्ले स्कूल, संस्कार भारती व छत्रपति स्कूल को पंजीकरण सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी डॉ. मंजू श्योराण ने बताया कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग व महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार सभी निजी प्ले स्कूलों को पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बिना पंजीकरण चल रहे प्ले स्कूलों पर विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

यहां पर करें आवेदनः-
उन्होंने आगे बताया कि प्ले स्कूल संचालको को गाइडलाइन के अनुसार आवेदन दूसरा तल लेबर कोर्ट सेक्टर-12 में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय में किया जा सकता है` आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज जो ६ृ१ि८ल्ल्.ङ्म५.ल्ल पर उपलब्ध हैं। वहीं कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करना अनिवार्य है।
प्ले स्कूलों के लिए यह हिदायत जरूरीः-महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कोर्डिनेटर विकल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्ले स्कूल को कक्षा में 20 बच्चों पर एक अध्यापक और एक केयरटेकर रखना जरुरी है।

# डीसी ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
डीसी विक्रम सिंह ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा प्रतिदिन 2 गांव और शहर के दो वार्डो को मोदी जी के गारंटी वाले रथ प्रचार वाहन कवर कर रहा है। डीसी ने कहा कि देश सहित पूरे प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्राएं जन संवाद कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के



विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद में ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने के लिए अब से दो वैन चलाई जाएंगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्रामवासियों को इस यात्रा का लाभ प्राप्त हो सके। सभी विभागों के जिला नोडल अधिकारी और फील्ड अधिकारी इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। यात्राओं में युवाओं व स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तथा विजेताओं और लाभार्थियों को इनाम या पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। डीसी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में फरीदाबाद जिला में अधिकारियों को क्रियान्वित की जा रही विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है। यात्राओं में विभिन्न विभागों जैसे आयुष, हेल्थ, शिक्षा, क्रिड, समाज कल्याण आदि द्वारा आमजन की सुविधा के लिए कैम्प भी लगाए जा रहे हैं । इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विकसित भारत थीम पर स्कूली बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। जिससे की युवा वर्ग की भागीदारी भी इस यात्रा में सुनिश्चित की जा जाए। यात्राओं के माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाए। समीक्षा बैठक उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन यात्राओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सप्ताह में दो बार साइटों पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसीपी राजीव कुमार सहित एमसीएफ, स्मार्ट सीटी, नगर योजनाकार विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जय माता सेवा समिती समालखा द्वारा 21 भंडारा की सामग्री किया गया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/ समालखा ( कुलदीप सिह )** जय माता सेवा समिती समालखा द्वारा 21 भंडारा की साम्रगी बड़ी धूमधाम से समिति के कार्यालय रेलवे रोड से रवाना किया गया पहले छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन किया गया ग्स के बाद ट्रक को सामग्री सहित रवाना किया गया
संस्थापक सदस्य पंकज गोल्डी ने बताया कि यह भंडारा 21 वर्षो से लगाया जा रहा है सेवादारों के और समालखा वालों के सहयोग से लगाया जाता है इस भंडारे में लगभग 40 से 50 सेवादार



समालखा से कटरा जाकर सेवा करवाते हैं उसके बाद पंडित बाबूराम शर्मा द्वारा विधिवत रूप से गाड़ी का पूजन किया गया इस अवसर पर सुभाष बठला सनी नंदवानी नरेश गिरधर संजीव खन्ना अमित सोहेल कृष्ण विपिन छाबड़ा रवि हिंदुजा अरुण गोयल राजेश भारद्वाज एवं नमन अरोड़ा आदि मौजूद थे

फास्ट न्यूज

## भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पुलिस पर हमले करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**अलवर:** शहर में एक साल पहले भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बीकानेर से ड्यूटी पर अलवर आए पुलिस कर्मियों पर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक साल से फरार आरोपी इकबाल खान को गिरफ्तार किया। वही मामले में पुलिस घटना के मुख्य आरोपी सरपंच पति एवं हिस्ट्रीशीटर मूवीन खान सहित कई अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। गौरतलब है की इस संबंध में पूर्व एनईबी थाना प्रभारी राजेश कुमार वर्मा को पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली की बीकानेर से 65 से अधिक पुलिसकर्मी अंबेडकर नगर सामुदायिक भवन में ठहरे हुए थे. रिक्शे के विवाद को लेकर यह झगड़ा हुआ था। जिसमें सरपंच पति मुबीन खान सहित सैकड़ों लोगों ने अंबेडकरनगर के सामुदायिक भवन पर हमला कर तोड़फोड़ और पुलिस कर्मियो के साथ मारपीट कर दी थी। जिसमें 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस संबंध में कांस्टेबल हरेंद्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। वही एनईबी थाना पुलिस ने घटना के करीब एक साल बाद मुखबिर तंत्र से मिली सूचना पर आरोपी इकबाल खान को गिरफ्तार किया गया है।

## गोरखपुर: 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे सीएम योगी

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हाइटेक चिकित्सा सेवा का विस्तार करते हुए 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे। ये हेल्थ एटीएम सांसद रविकिशन शुक्ल के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराए गए हैं

## प्रवीण तोगड़िया को मिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

**अहमदाबाद:** विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है। डॉ. तोगड़िया ने इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का आभार जताया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुजरात प्रांत कार्यवाह शैलेष पटेल और विहिप के गुजरात प्रांत महामंत्री अशोक रावल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र डॉ. तोगड़िया को दिया। श्रीराम जन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी।
निमंत्रण पत्र मिलने के बाद डॉ. तोगड़िया ने पत्रकारों से कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का आंदोलन उनके जीवन का एक भाग रहा है।

# पीएम के आगमन से पहले सीएम योगी ने लिया विकास कार्यों का जायजा

### मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट का भी लिया जायजा, हनुमानगढ़ी-रामलला के किए दर्शन-पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
पीएम मोदी के आमगन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान व रामलला के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके पहले रामकथा हेलीपैड पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस माह में मुख्यमंत्री का तीसरी बार अयोध्या आगमन हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 2 दिसम्बर और 21 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर मंदिरों में शीश झुकाया था।
**लता मंगेशकर चौक पर ली सेल्फी, बच्चों से पूछा हाल :** लता मंगेशकर चौक पहुंचकर सीएम ने यहां की खुबसूरती को निहारा। लता मंगेशकर चौक को काफी शानदार ढंग से सजाया गया है। सीएम ने यहां वीणा संग सेल्फी भी ली। सीएम ने आमजन का अभिवादन किया। इसके बाद रामपथ को देखा। प्रधानमंत्री के आमगन से पहले सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। रामपथ पर मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से भी सीएम ने हालचाल जाना। सीएम ने बच्चों से पूछा कि स्कूल जाते हो। यहां जयश्रीराम की गूंज गुंजायमान रही।
**अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लिया जायजा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया। सीएम ने पीएम के आगमन के पहले यहां पहुंचकर वास्तुस्थिति देखी। यहां रेलवे स्टेशन व प्लेटफॉर्म की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि कहीं किसी प्रकार की कमी न हो। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया है।
**महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की खूबसूरती का किया दीदार:** 30 दिसंबर 2023 (शनिवार) की तिथि अयोध्या के लिए स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी। इस दिन पीएम नरेंद्र मोदी यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सौगात अयोध्या को देंगे।
इसके पहले शुक्रवार को सीएम ने यहां का दौरा कर खूबसूरती का दीदार किया। साथ ही इस आयोजन को लेकर अफसरों को विशेष निर्देश भी दिए।



### अतिथियों को मिलेगा गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख समेत अन्य विशिष्टअतिथियों को गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद मिलेगा। लागत से भी कम मूल्य में धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले गीताप्रेस ने इस पुस्तक माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या का समग्र दर्शन कराने की पहल की है। इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीर्थों व सांस्कृतिक महात्म्य का परिचय है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा के प्रसाद में गीताप्रेस भी योगदान देने जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से जो प्रसाद दिया जाएगा।

### पीएम का होगा अभूतपूर्व स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
उत्तर प्रदेश व देश की विभिन्न संस्कृतियों संग रामनगरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग भी इस तैयारी में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर शंख व डमरू वादन भी होगा।

## इको टूरिज्म के स्थलों पर सुगम आवागमन के लिए शुरू हो हेलीकॉप्टर सेवा: मुख्यमंत्री




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड की 16वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश की जैव विविधता को संरक्षित करने, इको पर्यटन की संभावनाओं को विस्तार देने और वन्य जीवों की चिकित्सा-सेवा में लगे पशु चिकित्सकों का कैडर बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन चिकित्सकों का कार्य बड़ा महत्वपूर्ण है। कैडर होने से इन्हें समयबद्ध प्रोन्नति व अन्य लाभ आसानी से मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सेंचुरी एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका जैसे इको टूरिज्म के स्थलों पर सुगम आवागमन हेतु हेलीकॉप्टर सेवा एवं 4 लेन सड़क कनेक्टिविटी की सुविधा हो। ऐसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर स्थानीय लोगों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर नियोजित करने, सैलानियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था विकसित कर टूरिज्म का माहौल बनाने पर जोर दिया जाए। पशु-पक्षियों का संरक्षण-संवर्धन हमारी संस्कृति का अंग है। प्रदेश में हर साल एक तय समय पर बड़ी संख्या में साइबेरियन पक्षियों का आगमन होता है। इनकी सुरक्षा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। इन पक्षियों अथवा अन्य पशु-पक्षियों के साथ क्रूरता, अमानवीयता स्वीकार नहीं है।
ऐसी हर एक घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गंगा की निर्मल एवं अविरल धारा के विकास एवं उनके संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों से डॉल्फिन की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी हुई है।

**दिशा-निर्देश**
- वन्य जीवों की चिकित्सा-सेवा में लगे पशु चिकित्सकों का कैडर बनाने के निर्देश दिए

## हिमाचल पर्यटन निगम के होटलों में ठहरने पर पर्यटकों को 15 मार्च तक भारी छूट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
विंटर सीजन में हिमाचल घूमने आने वाले सैलानियों को रिझाने के लिए पर्यटन विकास निगम ने विशेष पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज से सैलानियों का विंटर सीजन में हिमाचल घूमना सस्ता हो जाएगा। निगम प्रदेश के करीब 55 होटलों में ठहरने पर 40 प्रतिशत छूट प्रदान करेगा। हिमाचल में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के मकसद से यह फैसला लिया गया है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, डलहौजी, कसौली और चंबा सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में स्थित निगम के होटलों में छूट की सुविधा मिलेगी। कमरों की बुकिंग करवाने के लिए सैलानियों को पर्यटन निगम की वेबसाइट पर सभी होटलों की रेट लिस्ट के साथ जानकारी मिलेगी। नव वर्ष का जश्न मनाने तो बड़ी संख्या में प्रदेश में सैलानी पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके बाद सैलानियों की आमद कम हो जाती है। निगम की इस पहल से विंटर सीजन में सैलानियों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है।
हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि क्रिसमस पर्व पर प्रदेश में लाखों पर्यटकों का आगमन हुआ जिससे निगम के सभी होटल 80 से 90 प्रतिशत तक आरक्षित रहे। नववर्ष के आगमन के साथ ही निगम के होटलों में 15 मार्च 2024 तक 40 प्रतिशत तक की छूट का ऑफर दिया गया है। अमित कश्यप ने कहा कि हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों खासकर धाम और सिड्डू को देश की राजधानी दिल्ली में भी काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में दिल्ली हाट में लगाए गए हिमाचली उत्पादों और व्यंजनों की प्रदर्शनी में निगम को लाखो रुपए की आमदनी हुई है और अब दिल्ली हाट में हिमाचल के एक परमानेंट स्टाल को लगाने की भी अनुमति मिल गई है। हिमाचल प्रदेश की वादियों में न्यू ईयर को लेकर सैलानियों का सैलाब उमड़ रहा है। रोजाना हजारों पर्यटक वाहन सूबे के विभिन्न पर्यटक स्थलों का रूख कर रहे हैं।



## सीएम धामी ने जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जनपद ऊधमसिंह नगर स्थित लोहियाहेड कैम्प कार्यालय में क्षेत्र की जनता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के आधार पर हल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आमजन की परेशानियों को दूर कराने के प्रति गंभीर है और आमजन की समस्याओं का निराकरण करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समयबद्ध तरीके से निराकरण करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। हमारी पूरी कोशिश है कि लोगों को अपने काम के लिये अनावश्यक रूप से यहां न आना पडे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों की समस्याओं का निदान ग्राम स्तर पर ही हो जाए, इसकी व्यवस्था की जा रही है और रात्रि चौपाल का आयोजन इसी दिशा में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान तेजी से हो इसके लिए जिलाधिकारियों को नियमित रूप से जन समस्याओं को सुनने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं जनपदों के भ्रमण के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लगातार फीडबैक ले रहे हैं।
जिलाधिकारियों को जनपदों में जनता दरबार, तहसील दिवस आदि की नियमित बैठकें करने के भी निर्देश दिये गये हैं।



**जनसुनवाई**
- जिलाधिकारियों को जनपदों में जनता दरबार, तहसील दिवस आदि की नियमित बैठकें करने के भी निर्देश दिये

## 'पहले हम मैथिल हैं, मिथिला राज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार'

**सहरसा:** अखिल भारतीय मिथिला राज्य संघर्ष समिति का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अंतर्राष्ट्रीय संयोजक प्रो.अमरेन्द्र कुमार झा,रामचंद्र पासवान और विजय शंकर लाल कर्ण के नेतृत्व में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस को 35 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में पृथक मिथिला राज्य,मैथिली में प्राथमिक शिक्षा सहित अन्य ज्वलंत समस्यायें हैं।केन्द्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि हम पहले मैथिल हैं। मिथिला राज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। मिथिला के सर्वांगीण विकास के लिये हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## ललन सिंह का इस्तीफा: जदयू में सिर्फ एक ही नेता है: चौधरी

**पटना:** ललन सिंह के जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष से पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को यहां कहा कि जदयू में सिर्फ एक ही नेता है नीतीश कुमार और दूसरा कोई नहीं है। नीतीश कुमार ने कभी आरसीपी सिंह को अध्यक्ष बना दिया तो कभी ललन सिंह को बना दिया, ये उनका दायित्व है। ललन सिंह के इस्तीफे को उन्होंने जदयू का अंदरूनी मामला बताया।
उन्होंने कहा कि ये जदयू की लड़ाई है। भाजपा को इससे कोई लेना-देना नहीं है लेकिन हम आज भी तैयार हैं और चाहते हैं कि जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल मिलकर चुनाव लड़ें। दोनों को हम लोग हराने का काम करेंगे। भाजपा आईएनडीआईए गठबंधन के लोगों को हराने के लिए तैयार है। जदयू को आड़े हाथों लेते हुए नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि ललन सिंह इससे पहले जदयू से अलग होकर कांग्रेस में रहते हुए भी पेट का दांत गिन चुके हैं। राजद की वंशवादी राजनीति में नीतीश फीट नहीं बैठ रहे हैं।

## 'लाइन लॉस 10 फीसदी से नीचे आना बड़ी सफलता'

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य बिजली आपूर्ति के मामले में देश में दूसरे पायदान पर है। बिजली निगम जहां 3700 करोड़ रुपए घाटे में चल रहा था अब वह 2000 करोड रुपए मुनाफा में चल रहा है। यह प्रदेश के मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच की बदौलत संभव हुआ है। वे शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



अलविदा 2023

### काशी तमिल संगमम-2 ने पूरे देश में विशाल सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश

# काशी को विश्व फलक पर नई ऊंचाई मिली

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
साल 2023 के अलविदा होने में दो दिन शेष बचे हैं। खट्टी-मीठी यादों के साथ यह साल अब बस यादों में रह जाएगा। नए साल 2024 का नए उम्मीदों और लक्ष्यों के साथ स्वागत करने की तैयारी चल रही है। वर्ष 2023 ने काशीपुराधिपति की नगरी को वैश्विक फलक पर नई ऊंचाई दी। जी-20 की यहां हुई 06 बैठकों में दुनिया के 20 ताकतवर देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत तो हुआ ही, यहां से निकले संदेश को ताकतवर देशों ने आत्मसात भी किया। इस वैश्विक आयोजन के लिए पूरे काशी को दुल्हन की तरह सजाया गया और बड़े वैश्विक आयोजन के लिए काशी में नई पृष्ठभूमि भी तैयार हुई।
जी-20 की एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की मीटिंग 17 से 19 अप्रैल, यूथ-20 समिट इंगेजमेंट ग्रुप लेवल मीटिंग 13 से 15 जून, डेवलपमेंट वर्किंग ग्रुप मीटिंग 16 से 17 अगस्त, डेवलपमेंट वर्किंग ग्रुप मीटिंग मिनिस्टीरियल लेवल 18 अगस्त,ज्वाइंट लेवल एंड फॉरेन, मिनिस्टीरियल लेवल 19 अगस्त
सस्टनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप मीटिंग 28 -29 अगस्त के बीच हुई। साल 2023 में काशी में पर्यटन में भी एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ। इस वर्ष दो दिसंबर 2023 तक पांच करोड़ 38 लाख से अधिक पर्यटक शहर में आए।



- काशी में पर्यटन में भी एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ। पांच करोड़ 38 लाख से अधिक पर्यटक शहर में आए

